संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

# दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com
Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 20,अंक-144 सोमवार, 25 मार्च 2024, पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये




## कर्नाटक सरकार ने केंद्र पर लगाया बड़ा आरोप

» गंभीर सूखे के बीच कर्नाटक सरकार ने खटखटाया सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा...

» सिद्धारमैया का आरोप-केंद्र नहीं जारी कर रही धनराशि...



**नई दिल्ली,24 मार्च 2024 (ए)।** कर्नाटक सरकार ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। पानी की कमी से जूझ रहे राज्य के लिए मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने केंद्र सरकार से धन जारी करने की मांग की है। इसी को देखते हुए केंद्र से राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया कोष जारी करवाने के लिए सीएम ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है। इस याचिका में वित्तीय सहायता जारी नहीं करने की केंद्र की कार्रवाई संविधान के अनुच्छेद 14 और 21 के तहत राज्य के लोगों के मौलिक अधिकारों का उल्लंघन है।

### गंभीर सूखे से गुजर रहा राज्य

याचिका में कहा गया है कि राज्य गंभीर सूखे से जूझ रहा है, जिससे लोगों का जीवन प्रभावित हो रहा है। लगभग 226 तालुकों में से कुल 223 को सूखा प्रभावित घोषित कर दिया गया है। याचिका में कहा गया है कि 196 तालुकों को गंभीर रूप से प्रभावित किया है। एनडीआरएफ के तहत भारत सरकार से मांगी गई सहायता 18,171.44 करोड़ रुपये है।

### वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए बाध्य नही केंद्र सरकार


वरिष्ठ अधिवक्ता देवदत्त कामत और राज्य के महाधिवक्ता के शशि किरण शेट्टी द्वारा निपटाई गई याचिका में कहा गया है कि आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 के संदर्भ में, भारत संघ राज्य सरकारों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए बाध्य है। राज्य आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 के तहत कर्नाटक को सूखा प्रबंधन के लिए वित्तीय सहायता देने से इनकार करने और 2020 में अद्यतन सूखा प्रबंधन मैनुअल के खिलाफ केंद्र की मनमानी कार्रवाइयों के खिलाफ शीर्ष अदालत में जाने के लिए बाध्य है।

## भारत को मिली बायोटेक में बड़ी उपलब्धि

**हैदराबाद,24 मार्च 2024 (ए)।**भारत में वयस्कों पर तपेदिक वैक्सीन एमटीबीवैक का क्लिनिकल ट्रायल शुरू हो गया है। स्पैनिश बायोफार्मास्युटिकल कंपनी, बायोफैब्री द्वारा मानव स्रोत से प्राप्त तपेदिक के खिलाफ यह पहला टीका होगा। भारत बायोटेक इंटरनेशनल लिमिटेड ने रविवार को इसकी जानकारी दी है।

### वयस्कों और किशोरों में टीबी की रोकथाम

माउंटबवैक को दो उद्देश्यों के लिए विकसित किया जा रहा है। सबसे पहले नवजात शिशुओं के




लिए बीसीजी (बैसिलस कैलमेट गुएरिन) की तुलना में अधिक प्रभावी और संभावित रूप से लंबे समय तक चलने वाला टीका होगा। वहीं, दूसरा यह वयस्कों और किशोरों में टीबी की रोकथाम के लिए होगा, जिनके लिए वर्तमान में कोई प्रभावी टीका नहीं बना है।

### बायोफैब्री के सहयोग से शुरू हुआ ट्रायल

यह ट्रायल भारत बायोटेक द्वारा बायोफैब्री के सहयोग से किए गए हैं। एमटीबीवैक की सुरक्षा और इम्युनोजेनेसिटी का मूल्यांकन करने के लिए परीक्षण एक महत्वपूर्ण सुरक्षा, इम्युनोजेनेसिटी और प्रभावकारिता परीक्षण के साथ शुरू हो गए हैं। इसे 2025 तक शुरू करने की योजना है।

### दुनिया के 28 प्रतिशत टीबी के मामले

यह देश में वयस्कों और किशोरों में परीक्षण के लिए एक बड़ा कदम है जहां दुनिया के 28 प्रतिशत टीबी के मामले सामने आते हैं।

## महुआ मोईत्रा का सीबीआई पर आरोप

### सीबीआई चुनाव प्रचार में बाधा पहुंचा रही...



**कोलकाता,24 मार्च 2024(ए)।** तृणमूल कांग्रेस नेता महुआ मोइत्रा का दावा है कि केंद्रीय जांच एजेंसी सीबीआई चुनाव प्रचार में बाधा पहुंचा रही है। महुआ ने चुनाव आयोग को चिट्ठी लिखी है, इसके मुताबिक सीबीआई लोगों में उनके खिलाफ नकारात्मक धारणा बनाने का काम कर रही है। टीएमसी ने महुआ को पश्चिम बंगाल की कृष्णानगर सीट से उम्मीदवार बनाया है। महुआ को सवाल के बदले पैसे (कैश फॉर क्वेरी) मामले में लोकसभा की एथिक्स कमेटी ने दोषी पाया था, जिसके बाद बाद उन्हें लोकसभा की सदस्यता से बर्खास्त कर दिया गया था।

## संक्षिप्त खबरें

### कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा मुश्किलों में घिरे

#### सोशल मीडिया पर खेला करने के मामले में बीजेपी नेता ने भेजा नोटिस

**देवघर,24 मार्च 2024(ए)।** कांग्रेस के प्रवक्ता पवन खेड़ा मुश्किलों में घिरते हुए नजर आ रहे हैं। भाजपा नेता सह पूर्व मंत्री राज पालिवार ने अपने



अधिवक्ता अमित राज भारद्वाज के माध्यम से पवन खेड़ा को नोटिस भेजा है। नोटिस में कहा है कि पूर्व मंत्री राज पालिवार भाजपा के दुमका लोकसभा सीट के चुनाव प्रभारी हैं। आरोप है कि पवन खेड़ा ने अपने फेसबुक अकाउंट पर गलत व भ्रामक सूचना दर्शाया है। उन्होंने कहा है कि राज पलिवार कांग्रेस पार्टी ज्वाइन कर लिए हैं। ये सूचना पूरी तरह से गलत है। इससे राज पलिवार व भाजपा की छवि धूमिल हुई है। राज पलिवार भाजपा के वरिष्ठ नेता हैं। वे किसी भी सूरत में कांग्रेस में ज्वाइन करने की सोच भी नहीं सकते हैं।पवन खेड़ा से दो दिन के अंदर इस बावत माफी मांगने और सात दिन के अंदर राज पलिवार को इस बारे में सूचित करने को लेकर नोटिस दिया है। ऐसा नहीं करने पर कानूनी कार्रवाई करने की बात कही है।

## जवानों संग रक्षा मंत्री ने मनाई होली

### सीमा पर खूब उड़ा गुलाल

**लद्दाख,24 मार्च 2024(ए)।** केंद्रीय रक्षा मंत्री केंद्र शासित प्रदेश के लद्दाख के लेह में जवानों संग होली मनाने के लिए पहुंचे। लेह हवाई अड्डे पर रक्षा मंत्री का लद्दाख के उपराज्यपाल बीडी मिश्रा, प्रशासन व सेना के उच्च अधिकारियों ने स्वागत किया। राजनाथ सिंह के साथ सेना प्रमुख मनोज पांडे भी पहुंचे हुए हैं। रक्षा मंत्री ने लेह में 'हॉल ऑफ फेम' पर देश की रक्षा के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान देने वाले जवानों को याद करते हुए पुष्पांजलि अर्पित की। उन्होंने जवानों के साथ होली मनाई। उन्हें गुलाल लगाते हुए मिठाई भी खिलाईं।

राजनाथ सिंह ने कहा कि देश के नागरिक अपने घरों में सुरक्षित तरीके से होली मना सकें, इसलिए सीमा पर देश की रक्षा में तैनात वीर सैनिक तैनात हैं। ऐसे में उनका मनोबल बढ़ाने के लिए रक्षा मंत्री यहां पहुंचे। होली का पर्व मनाते हुए जवानों ने खूब गुलाल उड़ाया और एक-दूसरे को मिठाईयां भी खिलाई।



### रद्द करना पड़ा सियाचिन दौरा

केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह रविवार को विश्व के सबसे ऊंचे युद्धक्षेत्र सियाचिन में जवानों के साथ होली मनाने के लिए पहुंचाने वाले थे। लेकिन मौसम में हुए बदलाव के कारण उन्हें सियाचिन दौरे में बदलाव करना पड़ा।

काराकोरम रेंज में लगभग 20 हजार फीट की ऊंचाई पर स्थित सियाचिन ग्लेशियर को दुनिया के सबसे ऊंचे सैन्यीकृत क्षेत्र के रूप में जाना जाता है, जहां सैनिकों को जमा देने वाली सर्दी और तेज हवाओं से जूझना पड़ता है।

## पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने खटखटाया सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा

### एचसी के इस आदेश को दी चुनौती

**रांची,24 मार्च 2024 (ए)।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने विधानसभा सत्र की कार्यवाही में शामिल होने की अनुमति नहीं देने के झारखंड हाई कोर्ट के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। इस याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में एक अप्रैल को सुनवाई होगी। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस केवी विश्वनाथन की अदालत में यह मामला सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया गया है।

हेमंत सोरेन ने कहा कि जेल में बंद जन प्रतिनिधियों को सत्र के दौरान शामिल होने की अनुमति मिलती है। हाई कोर्ट और ईडी कोर्ट में इससे



संबंधित अदालतों के आदेश को पेश भी किया था, लेकिन हाई कोर्ट ने उनकी याचिका स्वीकार नहीं की और खारिज कर दी।

इस कारण वह सदन की कार्यवाही में शामिल नहीं हो सके और अपने क्षेत्र की जनता की समस्याओं को नहीं उठा सके। सुप्रीम कोर्ट से उन्होंने हाई कोर्ट के आदेश को रद्द करने का आग्रह किया है।

## वीरप्पन की बेटी लड़ेगी लोकसभा चुनाव

**नई दिल्ली,24 मार्च 2024(ए)।** लोकसभा चुनाव 2024 का बिगुल बज चुका है। राजनीतिक पार्टियां अपने-अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर रही है। इस बीच एक और नाम सुर्खियों में आ गया है। वह नाम है मारे गए कुख्यात चंदन तस्कर और डाकू वीरप्पन का। दरअसल वीरप्पन की बेटी विद्या रानी लोकसभा चुनाव लड़ने जा रही हैं। विद्या रानी ने कहा कि वह तमिलनाडु के कृष्णागिरि निर्वाचन क्षेत्र से आगामी लोकसभा चुनाव लड़ेंगी।



उन्होंने कुछ दिन पहले भाजपा से इस्तीफा दे दिया था। विद्या रानी ने एक बयान में कहा कि वह नाम तमिलर काची के टिकट पर चुनाव लड़ेंगी। उन्होंने कहा कि उनके पिता लोगों की सेवा करना चाहते थे, लेकिन उन्होंने इसके लिए जो तरीका चुना वह उचित नहीं था। उन्होंने कहा कि वह लोगों की सेवा करने के लिए राजनीति में आई हैं।

### क्या करती हैं विद्या रानी

विद्या रानी पेशे से वकील हैं वह एक एक्टिविस्ट भी हैं और आदिवासियों और दलितों के हित के लिए काम करती रही हैं। कुख्यात डाकू वीरप्पन 2004 में तमिलनाडु पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स के साथ मुठभेड़ के दौरान मारा गया था। ब्रह्मक में शामिल होने के बाद उन्हें भाजपा यूथ ब्रिगेड में उपाध्यक्ष बनाया गया था। लेकिन हाल ही में अभिनेता-निर्देशक सीमान के नेतृत्व वाले एनटीके में शामिल होने के लिए उन्होंने पार्टी छोड़ दी थी।

## बसपा ने जारी की 16 लोकसभा प्रत्याशियों की सूची

**लखनऊ,24 मार्च 2024(ए)।** लोकसभा चुनाव 2024 के समर की रणभेरी बज चुकी है। चुनाव आयोग द्वारा तारीखों का एलान भी हो चुका है। इसी कड़ी में बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने भी उत्तर प्रदेश की 16 लोकसभा सीटों पर प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है।मायावती ने सहारपुर से माजिद अली को, कैराना से श्रीपाल सिंह, मुजफ्फरनगर से दारा सिंह प्रजापति को लोकसभा चुनाव में बसपा प्रत्याशी घोषित किया है। वहीं नगीना सुरक्षित सीट से सुरेन्द्र पाल सिंह, मुरादाबाद से मोहम्मद इरफान सैफी, रामपुर से जीशान खां, सम्भल से शौलत अली, अमरोहा से मुजाहिद हुसैन, मेरठ से देववृत्त त्यागी पर बसपा सुप्रीमो मायावती ने भरोसा जताया है।रालोद का गढ़ माना जाने वाले बागपत से बसपा ने प्रवीण बंसल को मैदान में उतारा है, जबकि गौतमबुद्ध नगर से राजेन्द्र सिंह सोलंकी, बुलन्दशहर से गिरीश चन्द्र जाटव, आंवला से आबिद अली, पीलीभीत से अनीस अहमद खां और शाहजहांपुर से दोदराम वर्मा को प्रत्याशी घोषित किया गया है।

## आरकेएस भदौरिया भाजपा में शामिल

**नई दिल्ली,24 मार्च 2024(ए)।** लोकसभा चुनाव से पहले पूर्व वायुसेना प्रमुख आरकेएस भदौरिया बीजेपी में शामिल हो गए हैं। उन्होंने पार्टी महासचिव विनोद तावड़े और केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर की मौजूदगी में पार्टी की सदस्यता ली। आरकेएस भदौरिया सितंबर 2021 में सेवा से रिटायर हो गए थे।अपने इस फैसले पर रिटायर्ड एयर चीफ मार्शल ने प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा समेत कई नेताओं का शुक्रिया जताया। उन्होंने कहा, मैं बहुत भाग्यशाली रहा हूं कि अपनी जिंदगी के 40 साल से ज्यादा भारतीय वायुसेना के लिए काम कर पाया। ये एक बहुत बड़ा गौरव का विषय रहा है। इस दौरान सबसे स्वर्णिम अवसर वह रहा है, जो कि मेरी सेवा के पिछले 8 से 10 वर्षों में इस




पार्टी की सरकार की तरफ से जो कठोर कदम उठाए गए, भारतीय सेनाओं को मजबूत करने के लिए, आत्मनिर्भर करने के लिए। आधुनिकीकरण के लिए जो कदम उठाए गए, उनसे हमारी सेनाओं में क्षमता विकसित हुई है।उन्होंने आगे कहा, ÷इसके साथ ही सेनाओं में एक नया आत्मविश्वास और आत्मनिर्भर बनने का जो क्रम शुरू हुआ है। इसके धरातल पर प्रभाव भी दिखने लगे हैं। इससे हमारे पास स्वदेशी क्षमताएं भी आएंगी।

## डंपर से कुचल कर 5 लोगों की हत्या

### आपसी रंजिश के चलते वारदात को दिया अंजाम

**जयपुर,24 मार्च 2024(ए)।** राजस्थान के झालावाड़ जिले में आपसी रंजिश में 5 लोगों को डंपर से कुचल दिया है। हादसे में दो सगे भाइयों सहित पांच लोगों की मौत की खबर है। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए हैं। यह घटना पगारिया थाना क्षेत्र के बिन्यगा गांव की बताई जा रही है। वारदात के बाद मौके पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। पगारिया थाना क्षेत्र में दर्दनाक घटना सामने आई है, जहां आपसी कहासुनी ने बड़ा विवाद का रूप ले लिया। आपसी रंजिश के बाद पगारिया थाने में रिपोर्ट दर्ज कराने जा रहे पांच लोगों को डंपर से कुचल दिया।भवानीमंडी डीएसपी प्रेम चौधरी ने बताया कि देर रात पगारिया थाना क्षेत्र के बिन्यगा गांव में दो पक्षों के बीच किसी बात को लेकर आपसी विवाद हो गया। इसमें से एक पक्ष के पांच लोग जिनमें दो सगे भाई भी बताए जा रहे है। उनकी डंपर से कुचल हत्या कर दी गई।



इसके बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। उन्होंने बताया कि आपसी विवाद के बाद पांचों लोग पगारिया थाने में शिकायत दर्ज करवाने जा रहे थे। इस दौरान कुछ लोगों ने इन पर डंपर चढ़ा दिया। डीएसपी ने बताया कि फिलहाल कानून व्यवस्था कायम रखने के लिए गांव में भारी पुलिस बल तैनात किया गया है।आरोपियों के राज्य के सीमावर्ती इलाके के बाहर भागने का इनपुट मिला है। जिसके बाद राजस्थान से सटे मध्य प्रदेश राज्य में भी पुलिस की कई टीमों को भेजा गया है। उन्होंने बताया कि फिलहाल पांचों मृतक के शव आवर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की मोर्चरी में रखवाए गए हैं।

## फैक्ट्री में आग से मरने वालों के परिजनों ने की नौकरी और मुआवजे की मांग

**जयपुर,24 मार्च 2024(ए)।** जयपुर में एक केमिकल फैक्ट्री में आग लगने से छह लोगों की मौत के एक दिन बाद, मृतकों के परिजनों ने रविवार को यहां विरोध प्रदर्शन किया और परिवार के सदस्यों के लिए सरकारी नौकरी, 50 लाख रुपये का मुआवजा और फैक्ट्री मालिक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।परिजनों ने शवों को घटनास्थल के पास बैनाड़ा श्रीजी सड़क मार्ग पर रख दिया और उन्हें वापस लेने से इनकार कर दिया।



जयपुर के पास बस्सी में शालीमार केमिकल फैक्ट्री में शनिवार को आग लगने से छह लोगों की मौत हो गई। दो घायलों को एसएमएस अस्पताल रेफर किया गया, वहीं शनिवार रात साढ़े नौ बजे एसएमएस अस्पताल में भर्ती एक व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत हो गई। गुस्साए ग्रामीणों ने रात में भी विरोध प्रदर्शन किया जिसके बाद मौके पर पुलिस बल तैनात किया गया। पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) पूर्वी कावेंद्र सिंह सागर ने बताया कि केमिकल फैक्ट्री में आग लगने से पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई थी। मरने वालों में हीरालाल गुर्जर, गोकुल हरिजन, कृष्णा गुर्जर, मनोहर गुर्जर शामिल हैं जो बैनाड़ा गांव के रहने वाले थे, जबकि मृतक बाबूलाल मीणा यहां सुपरवाइजर के तौर पर काम करते थे। एक अन्य मृतक की पहचान नहीं हो सकी। वह मथुरा (उत्तर प्रदेश) का रहने वाला बताया जा रहा है।राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मौतों पर शोक व्यक्त किया है और प्रभावितों को हरसंभव सहायता प्रदान करने का निर्देश दिया है।

## पागल कुत्ते ने 15 बच्चों को काटा

### कई की हालत गंभीर, दहशत का माहौल

**पटना,24 मार्च 2024(ए)।**बिहार के समस्तीपुर जिले के मोहनपुर प्रखंड क्षेत्र के डीह माधोपुर गांव में एक पागल कुत्ते ने 15 बच्चों को काटकर घायल कर दिया। तीन बच्चों को गंभीर हालत में मोहनपुर अस्पताल से सदर अस्पताल रेफर किया गया। लेकिन हालत गंभीर होने के चलते बच्चों को सदर अस्पताल से पटना रेफर कर दिया गया। घटना शनिवार रात की है। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि एक कुत्ते ने राह चलते दर्जन भर से अधिक बच्चों को काट लिया। जिससे गांव के लोगों में दहशत का माहौल बन गया। सभी बच्चों को लेकर परिजन मोहनपुर अस्पताल पहुंचे। जहां उनकी स्थित को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए तीन बच्चे को पटना रेफर कर दिया गया। इस संबंध में सदर अस्पताल के एक डॉक्टर ने बताया कि कुत्ते काटने के



बाद अब तक पांच बच्चे अस्पताल लाए गए हैं। घाव ऐसे हैं कि टांके लगाना मुश्किल है। सभी को एंटी रेबीज सीरम देना है, लेकिन यहां उपलब्ध नहीं है। इस कारण तीन बच्चों को डीएमसीएच भेजा जा रहा है। जबकि एक बच्ची की नाक को कुत्ते ने इतनी बुरी तरह काटा कि उसे प्लास्टिक सर्जरी के लिए पीएमसीएच रेफर किया गया।

## संपादकीय

# तेलुगू देशम पार्टी फिर एनडीए में

आंध्र प्रदेश में विधानसभा और लोक सभा के चुनाव भाजपा, तेलुगू देशम पार्टी (तेदेपा) और जनसेना पार्टी (जेएसपी) मिलकर लड़ेंगे।केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से लगातार दूसरे दिन बैठक करने के उपरांत तीनों दलों ने संयुक्त बयान जारी करके इस बाबत जानकारी दी। इस प्रकार एनडीए परिवार में दो और दल शामिल हो गए हैं, और तीनों जल्द ही सीट शेयरिंग के तौर-तरीकों को लेकर बातचीत करेंगे। दरअसल, भाजपा दक्षिण भारत में ज्यादा से ज्यादा लोक सभा सीटें जीतने की रणनीति पर गहन मंथन करती रही है।अपनी इसी रणनीति के तहत उसने आंध्र प्रदेश की एक बड़ी पार्टी तेदेपा और बनिस्बत एक छोटे दल को साथ लेकर बढने् का फैसला किया है। वैसे, तेदेपा और भाजपा का रिश्ता कोई नया नहीं हैं, दोनों पार्टियों के बीच रिश्ता काफी पुराना है। तेदेपा राजग 1996 में शामिल हुई थी। अटलबिहारी वाजपेयी और नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकारों में सफलतापूर्वक काम कर चुकी है।तेदेपा और भाजपा ने 2014 का लोक सभा और विधानसभा चुनाव साथ लड़ा था जबकि जनसेना पार्टी ने 2014 के आम चुनाव और विधानसभा चुनाव में भाजपा का समर्थन किया था। जेएसपी के अध्यक्ष पवन कल्याण हैं, और इस पार्टी के राज्य के कुछ पॉकेट्स में प्रभाव माना जाता है। तेदेपा का राजग में शामिल होने को लेकर पहले से कोई संशय नहीं था, और माना जा रहा था कि तेदेपा का राजग में शामिल होने की घोषणा कुछ ही दिनों की बात है।आंध्र प्रदेश में सत्तारूढ़ वाईएसआर कांग्रेस का मुकाबला करने के लिए उसके लिए जरूरी है कि वह राजग का हिस्सा बने ताकि वाईएसआर का मजबूती से मुकाबला कर सके। पता चला है कि तेदेपा लोक सभा की 17 सीटों और विधानसभा की 145 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। भाजपा और जेएसपी लोक सभा की 8 सीटों और विधानसभा की 30 सीटों पर चुनाव लड़ सकती हैं। तेदेपा की कोशिश है कि भाजपा खासकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की देशव्यापी लोकप्रियता के सहारे न केवल लोक सभा की अपने हिस्से की सीटें जीत ले, बल्कि विधानसभा में भी अपनी कड़ी प्रतिद्वंद्वी वाईएसआर को शिकस्त देकर राज्य की सत्ता पर काबिज हो जाए।उसे अपनी सरकार के कार्यकाल के प्रदर्शन से कहीं ज्यादा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के करिश्मे और दूरदर्शी व जीवंत नेतृत्व पर विश्वास है, जिसके सहारे वह चुनावी वैतरणी पार हो जाना चाहती है। भाजपा के लिए भी दक्षिण के इस प्रमुख राज्य में उसका साथ माकूल है।

## होली,अबीर,गुलाल और भाईचारे का पवित्र त्यौहार

होली मूलतः रंगों का त्योहार है। होली के त्यौहार के पीछे कई पौराणिक कथाएं विद्यमान हैं। मगर शास्त्रों में लिखी प्रहलाद और होलिका की कथा सर्वदा मान्य और प्रचलित है।विष्णु पुराण की कथा के अनुसार राजा हिरण्यकश्यप भगवान विष्णु को नहीं मानता था,और अपनी प्रजा को विष्णु जी की पूजा अर्चना करने से भी मना कर रोका करता था। पर विडंबना यह थी कि उसका अपना ही पुत्र प्रहलाद भगवान विष्णु का परम भक्त तथा अनुयाई था, हिरण कश्यप को यह ज्ञात होते ही उसने प्रहलाद को अनेक कष्ट देना शुरू कर दिया।जब उसके दिए गए कष्टों से भक्त प्रहलाद को कोई कष्ट न होकर कुछ नहीं हुआ, तब उसने अपनी बहन होलिका जिसे आग से ना जलने का वरदान प्राप्त था, को बुलवाया और आदेश दिया कि प्रहलाद को गोद में बिठाल कर अग्नि में बैठ जाए, और अपने भाई की आज्ञा का पालन करते हुए होली का ने प्रहलाद को गोद में लेकर अग्नि के ऊपर बैठ गई। ईश्वर विष्णु जी की कृपा से प्रहलाद को कुछ नहीं हुआ और होलीका दग्ध अग्नि में जलकर भस्म हो गई। प्रहलाद बच गए, और भगवान विष्णु ने हिरण्यकश्यप का वध करके प्रह्लाद को उसके पिता द्वारा दी गई यातनाएं से मुक्ति दिलाई। इस तरह आमजन इस घटना को याद करके होलिका दहन करके दूसरे दिन अबीर गुलाल तथा रंगों से होली खेलते हैं। होली का बहुत बड़ा वर्णन साहित्य में भी किया गया है कविवर सूर्यकांत त्रिपाठी निराला ने भी कहा

**नयनों के डोरे लाल गुलाब भरे, खेली होली रे**

होली का त्यौहार राधा और कृष्ण के पवित्र प्रेम से भी संबंधित है ।यही कारण है की भगवान श्रीकृष्ण की नगरी मथुरा था वृंदावन में होली बड़े धूमधाम से मनाई जाती है। होली तो वैसे ही वैश्विक स्तर पर भी मनाया जाता है, क्योंकि भरत वंशी विदेशों में जिस जिस जगह निवास करते हैं, वह होली का त्यौहार बड़े धूमधाम से मनाया जाता है। भारत में अनेक राज्य होने से अलग-अलग क्षेत्र के लोग अलग अलग नाम से होली का त्यौहार मनाते हैं। पश्चिम बंगाल में इसे होली का उत्सव के रूप में मनाया जाता है, पंजाब में इसे होला मोहल्ला कहा जाता है, तमिलनाडु में इसे कॉमन पोडगई कहां जाता है महाराष्ट्र में रंग पंचमी नाम देखकर दो-तीन दिन तक मनाया जाता है। देश में होली किसी भी नाम से मनाई जाए पर होली में रंग गुलाल और अबीर से ही होली का आनंद उत्सव मनाया जाता है। होली रंगों का त्योहार होने के साथ-साथ आपस में भाईचारे का त्यौहार भी है। आज के दिन दुश्मन भी गले लग कर एक दूसरे से रंग गुलाल तथा मिठाई खिलाकर अपनी दुश्मनी भूल जाते हैं, और क्योंकि भारत एक धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र है अतः होली के त्यौहार को रंग गुलाल लगाने के साथ-साथ हिंदू, मुस्लिम, सिख, इसाई ईसे समान रूप से मना कर प्रसन्न होते हैं, यह राष्ट्रीय एकता का प्रतीक भी है। पर कुछ लोग होली में भांग तथा शराब का नशा करके माहौल को जरूर खराब करके बिगाड़ कर ईसे बदनाम करने की कोशिश करते हैं,एवं रंगों में रसायनिक पदार्थ का इस्तेमाल कर त्वचा को हानि पहुंचाते हैं,जोकि इस त्यौहार की पवित्रता को भंग करते हैं। ऐसा होना नहीं चाहिए इससे बचने का प्रयास करना चाहिए। वैसे होली बुराई पर अच्छाई की जीत का पर्व भी है, होली की शुभकामनाओं के साथ।



**संजीव ठाकुर,**
चौबे कॉलोनी
रायपुर,
छत्तीसगढ़

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

# होली पर असावधानियां न दें जिंदगी भर का दर्द

### होली के त्योहार को बनाएं खुशनुमा और यादगार

रंगों के त्यौहार होली पर भला कौन ऐसा व्यक्ति होगा, जो आपसी द्वेषभाव भुलाकर रंग-बिरंगे रंगों में रंग जाना नहीं चाहेगा। लोग एक-दूसरे पर रंग डालकर, गुलाल लगाकर अपनी खुशी का इजहार करते हैं लेकिन होली के दिन प्राकृतिक रंगों के बजाय चटकीले रासायनिक रंगों का बढ़ता उपयोग चिन्ता का सबब बनने लगा है। ज्यादातर रंग अम्लीय अथवा क्षारीय होते हैं, जो व्यावसायिक उद्देश्य से ही तैयार किए जाते हैं और थोड़ी सी मात्रा में पानी में मिलाने पर भी बहुत चटक रंग देते हैं, जिससे होली पर इनका उपयोग अंधाधुंध होता है। ऐसे रंगों का त्वचा पर बहुत हानिकारक प्रभाव पड़ता है। शुष्क त्वचा वाले लोगों और खासकर महिलाओं व बच्चों की कोमल त्वचा पर तो इन रंगों का सर्वाधिक दुष्प्रभाव पड़ता है। अम्ल तथा क्षार के प्रभाव से त्वचा पर खुजलाहट होने लगती है और कुछ समय बाद छोटे-छोटे सफेद रंग के दाने त्वचा पर उभरने शुरू हो जाते हैं, जिनमें मवाद भरा होता है। यदि तुरंत इसका सही उपचार कर लिया जाए तो ठीक, अन्यथा त्वचा संबंधी गंभीर बीमारियां भी पनप सकती हैं। घटिया क्वालिटी के बाजारू रंगों से एलर्जी, चर्म रोग, जलन, आंखों को नुकसान, सिरदर्द इत्यादि विभिन्न हानियां हो सकती हैं। कई बार होली पर बरती जाने वाली छोटी-छोटी असावधानियां भी जिंदगी भर का दर्द दे जाती हैं। इसलिए अगर आप अपनी होली को खुशनुमा और यादगार बनाना चाहते हैं तो इन बातों पर अवश्य ध्यान दें:-

➡रासायनिक रंगों के स्थान पर प्राकृतिक रंगों का ही इस्तेमाल करें। ज्यादातर बाजारू रंगों में इंजन ऑयल तथा विभिन्न घातक केमिकल मिले होते हैं, जिनका त्वचा पर बहुत बुरा प्रभाव पड़ता है।

➡ होली खेलने से पहले चेहरे तथा पूरे शरीर पर सरसों अथवा नारियल का तेल या कोल्ड क्रीम अथवा सनस्क्रीन क्रीम लगा लें ताकि रोमछिद्र बंद हो जाएं और रंग त्वचा के ऊपरी हिस्से पर ही रह जाएं। इससे होली खेलने के बाद त्वचा से रंग छुड़ाने में भी आसानी होगी।

➡ होली खेलने से पहले बालों में अच्छी तरह तेल लगा लें और नाखूनों पर कैस्टर ऑयल लगाएं ताकि बाद में रंग आसानी से छुड़ाया जा सके।

➡ होली खेलने जाने से पूर्व आंखों में गुलाब जल डालें और जहां तक संभव हो, आंखों पर चश्मा लगाकर होली खेलें ताकि रंगों का असर आंखों पर न पड़ सके।

➡ महिलाएं होली खेलते समय मोटे तथा ढ़ीले-ढ़ाले सूती तथा गहरे रंग के वस्त्र पहनें। सफेद अथवा हल्के रंग के वस्त्र पानी में भीगकर शरीर से चिपक जाते हैं, जिससे सार्वजनिक रूप से महिला को शर्मिन्दगी का सामना करना पड़ सकता है।

➡आप ऐसा व्यवहार हरगिज न करें, जिससे आपके रिश्तेदारों, पति के मित्रों अथवा अन्य पुरूषों को आपसे छेड़छाड़ करने का अनुचित अवसर मिल सके। अपना व्यवहार पूर्णतः संयमित, शालीन और मर्यादित रखें और सामने वाले की कोई गलत हरकत देखने के बाद भी उस पर मौन साधकर उसे और आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित न करें।

➡होली खेलने के तुरंत बाद स्नान अवश्य करें लेकिन त्वचा से रंग छुड़ाने के लिए कपड़े धोने के साबुन, मिट्टी के तेल, चूने के पानी, दही, हल्दी इत्यादि का प्रयोग हानिकारक है। चेहरे पर लगे गुलाल को सूखे कपड़े से अच्छी तरह पोंछ लें और रंग लगा हो तो नारियल तेल में रूई डुबोकर अथवा क्लींजिंग मिल्क से हल्के हाथ से त्वचा पर लगा रंग साफ करें। रंग छुड़ाने के लिए नहाने के पानी में थोड़ी सी फिटकरी डाल लें और ठंडे पानी से ही स्नान करें। गर्म पानी से रंग और भी पक्के हो जाते हैं। डिटर्जेंट सोप के बजाय नहाने के अच्छी क्वालिटी के साबुन का उपयोग किया जा सकता है।



➡स्नान के बाद भी त्वचा पर खुजली या जलन महसूस हो तो गुलाब जल में ग्लिसरीन मिलाकर लगाएं।

➡बालों से रंग छुड़ाने के लिए बालों को शैम्पू करें।

➡स्नान के बाद आंखों में गुलाब जल डालें। होली खेलते समय यदि आंखों में रंग चला जाए अथवा आंखों में जलन महसूस हो तो आंखों को मलें नहीं बल्कि तुरंत नेत्र विशेषज्ञ से मिलें।



**योगेश कुमार गोयल**
नजफगढ़,
नई दिल्ली

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

# मस्ती में सरोबार होकर मनाते हैं राजस्थान में होली

होली के अवसर पर राजस्थान के विभिन्न शहरों में कई तरह के आयोजन किए जाते हैं। राजस्थान में होली के विविध रंग देखने में आते हैं। होली के दिनों में जयपुर के इष्टदेव गोविंद देव मंदिर में नजारा देखने लायक होता है। राजस्थान के मंदिरों में होली पर रंग-गुलाल के साथ फाग उत्सव का आयोजन किया जाता है।

बीकानेरी होली का सबसे आकर्षण का केन्द्र होता है पुष्करणा समाज के हर्ष व व्यास जाति के बीच खेला जाने वाला डोलची। पानी का खेल डोलची चमड़े से बना एक ऐसा पात्र है जिसमे पानी भरा जाता है व जोरदार प्रहार के साथ सामने बाले की पीठ पर इस पानी को मारा जाता है। बाड़मेर में पत्थर मार होली खेली जाती है तो अजमेर में कोड़ा अथवा सांतमार होली लोग बहुत धूम-धाम से मनाते हैं। हाड़ोती क्षेत्र के सांगोद कस्बे में होली के अवसर पर नए हिजड़ों को हिजड़ों की जमात में शामिल किया जाता है। इस अवसर पर बाजार का न्हाण और खाड़े का न्हाण नामक लोकोत्सवों का आयोजन होता है। खाडे के न्हाण में जम कर अश्लील भाषा का प्रयोग किया जाता है।

भरतपुर के ब्रजांचल में फाल्गुन का आगमन कोई साधारण बात नहीं है। ब्रज के गांव की चौपालों पर ब्रजवासी ग्रामीण अपने लोकवाद्य बम के साथ अपने ढप, ढोल और झांझ बजाते हुए रसिया गाते हैं। डीग क्षेत्र की ग्रामीण महिलाएं अपने सिर पर भारी भरकम चरकुला रखकर उस पर जलते दीपकों के साथ नृत्य करती हैं। संपूर्ण ब्रज में इस तरह आनंद की अमृत वर्षा होती है। यह परम्परा ब्रज की धरोहर है। बरसाने, नंदगांव, कामां, डीग आदि स्थानों पर ब्रज की लठमार होली की परम्परा आज भी यहां की संस्कृति को पुष्ट करती है। चैत्र कृष्ण द्वितीया को दाऊजी का हुरंगा भी प्रसिद्ध है। ब्रह्मानगरी पुष्कर की कपड़ा फाड़ होली ने देश ही नहीं बल्कि विदेशों में भी अपनी धाक जमा ली है। यहां विदेशी सैलानियों के साथ स्थानीय और देशी पर्यटक बड़ी धूमधाम के साथ होली खेलते हैं और एक दूसरे के कपड़े भी फाड़ते हैं।

मेवाड अंचल के भीलवाड़ा जिले के बरून्दनी गांव में होली के सात दिन बाद शीतला सप्तमी पर खेली जाने वाली लठमार होली का अपना एक अलग ही मजा रहा है। माहेश्वरी समाज के स्त्री-पुरूष यह होली खेलते हैं। डोलचियों में पानी भरकर पुरूष महिलाओं पर डालते हैं और महिलाएं लाठियों से उन्हें पीटती हैं। यहां होली के बाद बादशाह की सवारी निकाली जाती हैं। वहीं शीतला सप्तमी पर चित्तौड़गढ़ वालों की हवेली से मुर्दे की सवारी निकाली जाती है। इसमें लकड़ी की सीढी बनाई जाती है और जिंदा व्यक्ति को उस पर लिटाकर अर्थी पूरे बाजार में निकालते हैं। इस दौरान युवा इस अर्थी को लेकर पूरे शहर में घूमते हैं। लोग इन्हें रंगों से नहला देते हैं।शेखावाटी की होली पूरे देश में प्रसिद्ध है। फाल्गुन में सांझ ढलते ही धमाल सुनाई देने लगे हैं। चंग की थाप पर पांव थिरकने लगे हैं और बांसुरी की सुरीली आवाज कानों में मिश्री घोलने लगी है। होली नजदीक आने पर शेखावाटी में अंचल के गांव-गांव और ढाणी-ढाणी में ऐसा माहौल देखने को मिल रहा है। उमंग व मस्ती भरे पर्व होली की शुरुआत तब होती है, जबकि बसन्त अपने पूर्ण यौवन पर होता है और बांसुरी की मदहोश करती धुनें और चंग की थाप पर मानव का मन-मयूर नाचने लगता है। होली नजदीक आने पर शेखावाटी में अंचल के गांव-गांव और ढाणी-ढाणी में ऐसा माहौल देखने को मिल रहा है।



शेखावाटी अंचल के हर गांव कस्बे में रात्रि में लोग एकत्रित होकर चंग की मधुर धुन पर देर रात्रि तक धमाल गाते हुए मोहल्लों में घूमते रहते हैं। होली के अवसर पर बजाया जाने वाला चंग भी इसी क्षेत्र में ही विशेष रूप से बनाया जाता है। चंग की आवाज तो ढोलक की माफिक ही होती है, मगर बनावट ढोलक से सर्वथा भिन्न। चंग ढोलक से काफी बड़ा व गोल घेरे नुमा होता है। होली के प्रारम्भ होते ही गांवों में लोग अपने-अपने चंग (ढप) संभालने लगते हैं। होली चूंकि बसंत ऋतु का प्रमुख पर्व है तथा बसंत पंचमी बसंत ऋतु प्रारम्भ होने की द्योतक है। इसलिए इस अंचल में बसंत पंचमी के दिन से चंग (ढप) बजाकर होली के पर्व की विधिवत शुरुआत कर दी जाती है।

शेखावाटी अंचल में होली एक सुप्रसिद्ध लोक पर्व है तथा इस पर्व को क्षेत्र में पूरे देश से अलग ही ढंग से मनाया जाता है। उमंग व मस्ती भरे पर्व होली की शेखावाटी क्षेत्र में बसंत पंचमी के दिन से शुरुआत कर दी जाती है। क्षेत्र में होली के पर्व पर चंग की धुन पर गाई जाने वाली धमालों में यहां की लोक संस्कृति का ही वर्णन होता है। इन धमालों के माध्यम से जहां प्रेमी अपनी प्रेमिकाओं को अपने प्रेम का संदेशा पहुंचाते हैं वहाँ श्रद्धालु धमालों के माध्यम से लोक देवताओं को याद कर सुख समृद्धि की कामना करते हैं। धमाल के साथ ही रात्रि में नवयुवक विभिन्न प्रकार के स्वांग भी निकाल कर लोगों का भरपूर मनोरंजन करते हैं। गांवों में स्त्रियां रात्रि में चौक में एकत्रित होकर मंगल गीत, बधावे गाती हैं। होली के दिनों में आधी रात तक गांवों में उल्लास छाया रहता है।

राजस्थान के शेखावाटी क्षेत्र में हर मोहल्ले में अपनी चंग पार्टी होती है। चंग शेखावाटी क्षेत्र का प्रसिद्ध नृत्य है। इसमें प्रत्येक पुरुष चंग बजाते हुये नृत्य करते हैं। यह मुख्यतः होली के दिनों में किया जाता है। चंग को प्रत्येक पुरुष अपने एक हाथ से थाम कर और दूसरे हाथ से कटरवे का ठेका बजाते हुए वृत्ताकार घेरे में नृत्य करते हैं। घेरे के मध्य में एकत्रित होकर धमाल और होली के गीत गाते हैं। होली के एक पखवाडे पहले गींदड शुरू हो जाता है। जगह- जगह भांग घुटती है। हालांकि अब ये नजारे कम ही देखने को मिलते हैं। जबकि, शेखावाटी में ढूंढ का चलन अभी है। परिवार में बच्चे के जन्म होने पर उसका ननिहाल पक्ष और बुआ कपडे और खिलौने होली पर बच्चे को देते हैं।शेखावाटी अंचल में होली पर कस्वों में विशेष रूप से गींदड़ नृत्य किया जाता है। गुजराती नृत्य गरवा से मिलता-जुलता गींदड़ नृत्य में काफी लोग विभिन्न प्रकार की चिताकर्षक वेशभूषा में नंगाड़े की आवाज पर एक गोल घेरे में हाथ में डंडे लिए घूमते हुए नाचते हैं तथा आपस में डंडे टकराते हैं। प्रारम्भ में धीरे-धीरे शुरू हुआ यह नृत्य धीरे-धीरे रफ्तार पकड़ता जाता है। इसी रफ्तार में डंडों की आवाज भी टकरा कर काफी तेज गति से आती है तथा नृत्य व आवाज का एक अद्भुत दृश्य उत्पन्न हो जाता है जिसे देखने वाला हर दर्शक रोमांचित हुए बिना नहीं रह पाता है। होली के अवसर पर चलने वाले इन कार्यक्रमों से यहाँ का हर एक व्यक्ति स्वयं में एक नई स्फूर्ति का संचार महसूस करता है।

इन नृत्यों की लोक परम्परा को जीवित रखने के लिए क्षेत्र की कुछ संस्थाएं विगत कुछ समय से विशेष प्रयासरत हैं। झुंझुनू शहर में सद्भाव नामक संस्था गत 18 वर्षों से होली के अवसर पर चंग,गींदड़ कार्यक्रम का आयोजन करती आ रही है, जिसे देखने दूर-दराज गाावों से काफी संख्या में लोग आते हैं। झुंझुनू, फतेहपुर शेखावाटी,रामगढ़ शेखावाटी, मण्डावा, लक्ष्मणगढ़, चूरू, बिसाऊ, लक्ष्मणगढ़ कस्बों का गींदड़ नृत्य पूरे देश में प्रसिद्व है। इसी कारण चंग व गीन्दड़ नृत्य का आयोजन शेखावाटी से बाहर अन्य प्रान्तो में भी होने लगा है। धुलंडी के दिन इन नृत्यों का समापन होता है।

लोगों का कहना है कि अगर होली के त्यौहार से लोक वाद्य चंग और धमाल को निकाल दिया जाये तो होली का त्यौहार बेजान हो जायेगा। ग्रामीण चंग और धमाल को होली पर्व की आत्मा मानते है। आज ये परम्परा धीरे धीरे लुप्त होती जा रही है। पहले यहां होली का त्योहार प्यार के साथ मनाया जाता था, सब साथ मिलकर चंग पर धमाल गाते थे लेकिन आजकल वो सब खत्म सा हो गया है। क्षेत्र में बढ़ते शराब के प्रचलन के कारण लोग रात्रि में घरों से बाहर निकलने से डरने लगे हैं तथा गांवों में भी पहले की तरह सामंजस्य नहीं रहा। इसके अलावा ऑडियो कैसेटों के बढ़ते प्रचलन से भी इस लोक पर्व को कृत्रिम सा बना दिया है। कैसेटों की वजह से पर्व की मौलिकता ही समाप्त होने जा रही है। यदि समय रहते होली पर व्याप्त हो रही कुरीतियों व शराब के चलन की समाप्ति का प्रयास नहीं किया गया तो यह पर्व अपना मूल रूप खो बैठेगा।



**रमेश सर्राफ धमोरा**
झुंझुनू,
राजस्थान

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

## भोले के सतरंगी रंग

रंगो का मौसम आया है,
मनभर कर सौगातें लाया,
भोले नें होले-से आ कर,
जमकर रंग जमाया है।
रंगों का मौसम ...
होली जब-जब आती है तो,
भोले मुस्कानें लगते हैं,
हाथों में रंगों की झोली,
लेकर धूम मचाते हैं।
रंगों का मौसम ....
होली की टोली में गौरी,
को भोले नें देख लिया,
रंगों की भर कर पिचकारी,
गौरी पर उडेल दिया।
रंगों का मौसम ....
अपने पल्लू से गौरी नें,
रंगों की पुड़िया खोली,
और लजाकर,शर्माकर के,
भोले पर पुड़िया ढोली।
रंगों का मौसम ....
हुए गुलाबी गाल गौरी के,
भोले नें आंखें खोली,
सतरंगी रंगों को देखा,
मंद-मंद मुस्काई गौरी।
रंगों का मौसम ....
दोनों की होली को देखा,
गंगा भी तब हर्षाई,
भोले गौरी के संग मिलकर,
गंगा ने भी धूम मचाई।
रंगों का मौसम ...
राम,कृष्ण भी अब होली का,
जश्न मनानें आएंगे,
भेज दी हमनें पाती सबको,
मिलकर फाग मनाएंगे।
रंगों का मौसम ...



**कार्तिकेय कुमार त्रिपाठी राम**
गांधीनगर
इन्दौर,मध्यप्रदेश

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

## होली

रंग बिरंगी होली आई,
धूम मचाती होली आई!
फागुन का मौसम हैं,
रंगो का त्यौहार हैं!
चारों ओर गुलाल उड़ते हैं!
रंग-बिरंगे पिचकारी चलते हैं
हम सब मिल-जुलकर,
रंग-बिरंगे होली खेलते हैं!
ढोल नगाड़े बजाते हैं,
खुशियों से नाचते गाते हैं!
एक दूजे को रंग लगाकर,
सबको गले लगाते हैं!
मस्ती में सब झूमते हैं,
गली-गली में रंग छिड़कते हैं!
हर्ष उल्लास के साथ,
रंग उत्सव मनाते हैं!



**कृष्णा चौहान**
अमेरी तह.-
बरमकेला
-सारंगढ़-
बिलाईगढ़
छत्तीसगढ़

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

# बददिमाग यात्रियों पर सख्ती जरूरी

पिछले लगभग ढ़ाई दशकों में राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली जिस एक संसाधन से सबसे ज्यादा विकसित व संपन्न हुई है, वह है दिल्ली मेट्रो। अपनी शुरुआत से ही यह अपनी खूबियों की वजह से न सिर्फ लोकप्रिय हुई बल्कि बहुत सारे कीर्तिमान भी स्थापित किए।आज मेट्रो का विस्तार न केवल दिल्ली वरन दिल्ली से लगे पूरे राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र यानी गाजियाबाद, नोएडा, गुरुग्राम,फरीदाबाद तक हो चुका है। दिल्ली मेट्रो आए दिन चर्चा का विषय बनती रहती है कभी रिकॉर्ड यात्रियों द्वारा मेट्रो में सफर के लिए तो कभी दिल्ली मेट्रो में यात्रियों द्वारा तरह-तरह की गतिविधियों के लिए। पिछले कुछ वर्षों में जब से रील कल्चर पापुलर हुआ है दिल्ली मेट्रो रील बनाने वालों का भी एक प्रमुख अड्डा बन गया है। सिंगिंग, डांसिंग से लेकर प्रैंक वीडियो तक दिल्ली मेट्रो में बिना परमिशन के शूट किए जाते रहे हैं और तमाम नियम-अधिनियम और कानूनों के बावजूद दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन इन्हें रोकने में असफल साबित हुआ है।आए दिन दिल्ली मेट्रो में अश्लील हरकतें करते हुए कपल के वीडियो वायरल होते रहे हैं, तो कभी गाली-गलौज करते हुए कुछ यात्री। डीएमआरसी के अनुसार दिल्ली मेट्रो में प्रतिदिन लाखों यात्री सफर करते हैं ऐसे में सभी पर नजर रख पाना संभव नहीं है, इसलिए यात्रियों से अपील है कि अगर वे आस-पास किसी को अश्लील हरकत करते हुए देखते हैं तो तुरंत मेट्रो ट्रेन के कोच में लगे इमरजेंसी बटन को दबाकर ट्रेन ऑपरेटर को भी इसकी सूचना दे सकते हैं।भारतीय दंड संहिता की धारा 294 कहती है कि व्यक्ति किसी भी सार्वजनिक स्थल पर न तो अश्लील कार्य कर सकता है न ही कोई अश्लील गाने बजा सकता है न इस तरह की कोई हरकत कर सकता है, जिससे दूसरे लोग प्रभावित हों। ऐसा करते हुए पाए जाने पर उसको तीन महीने की सजा अथवा जुर्माना या फिर दोनो हो सकता है। हालांकि इस कानून में अश्लीलता को परिभाषित नहीं किया गया है, परंतु कोई भी ऐसा कार्य जिसे



देखकर लोग असहज महसूस करें तो वह अश्लीलता की ही श्रेणी में आता है।अश्लीलता को परिभाषित करना अपने आप में एक जटिल कार्य है, फिर भी सार्वजनिक जगहों पर नितांत निजी क्रियाओं को अश्लील कहा जा सकता है। दिल्ली मेट्रो अधिनियम की धारा 59 के तहत यह प्रावधान है कि कोई व्यक्ति अगर मेट्रो के अंदर किसी प्रकार की अभद्रता या अश्लीलता करते हुए पाया जाता है तो उसके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जा सकती है। उसे मेट्रो से तुरंत उतारकर उस पर जुर्माने के रूप में 500 रु पए दंड का भी प्रावधान है। वैसे ये नियम तब लागू होता है जब व्यक्ति नशे की हालत में हो या उसने किसी के साथ अभद्रता की हो।दिल्ली मेट्रो में आए दिन महिला सुरक्षा को लेकर भी सवाल उठते रहे हैं कभी महिला यात्रियों से छेड़-छाड़ तो कभी उनके साथ अभद्रता की खबरें आती रहीं हैं। इसको लेकर दिल्ली मेट्रो की तरफ से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। हां दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन ने रील बनाने जैसे कायरे को पूरी तरह प्रतिबंधित कर रखा है और ऐसा करते हुए पाए जाने पर उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई के निर्देश भी जारी किए गए हैं। फिर भी आए दिन चलती हुई मेट्रो में कभी तरह-तरह के स्टंट करते हुए युवा रील बना रहे हैं तो कभी अन्य सहयात्रियों की असुविधा का ध्यान रखे बिना प्रेम या चुंबन जैसे निजी क्रिया को सार्वजनिक दिखावा करते हुए पाए जा रहे हैं। ऐसा कई बार इंटरनेट मीडिया पर वायरल होने के लिए भी किया जाता है।अभी पिछले दिनों दो महिलाओं की मेट्रो में हुई लड़ाई का वीडियो तेजी से वायरल हुआ, जिसमें दोनों एक-दूसरे को भद्दी-भद्दी गालियां दे रही हैं। क्या इस तरह की घटनाओं से बाकी सहयात्री प्रभावित नहीं होते? क्या बच्चों/युवाओं पर ऐसी घटना का बुरा प्रभाव नहीं पड़ता? आए दिन मेट्रो में चोरी की घटनाएं हो रही हैं, ग्रूप बनाकर चोरी करने वाले गिरोह (महिला/पुरुष दोनों) ऐसी घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं, पर इसे भी दुर्भाग्य से रोका नहीं जा पा रहा।

**-सुरेंद्र जैन-**

**समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।**

CMYK

# होली पर्व पर शहर में चाक-चौबंद रहेगी सुरक्षा व्यवस्था

**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,24 मार्च 2024 (घटती-घटना)।**

होली का त्योहार आज हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। इसे लेकर पुलिस प्रशासन ने शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की गई है।

एसपी विजय अग्रवाल ने बताया कि होली के दौरान शांतिपूर्ण कानून व्यवस्था बनाए राने के लिए पांच राजपत्रित अधिकारी, 75 अराजपत्रित अधिकारी एवं लगभग 400 का बलों की ड्यूटी लगाई गई है। शराब पीकर हुड़दंगई करने वालों पर विशेष नजर रहेगी। इसके अलावा सीसीटीव्ही कैमरा के माध्यम से भी लोगों पर नजर रखी जाएगी। होली के अवसर पर शहर के विभिन्न चौक-चौराहों पर पुलिस बल मौजूद रहेगी, एवं शहर के आंतरिक एवं बाहरी क्षेत्रों में भी पुलिस द्वारा लगातार पेट्रोलिंग कर असमाजिक गतिविधियों पर पैनी नजर रखी जाएगी। इसके अलावा यातायात नियमों का उलंघन करने वालों के विरूद्ध भी कार्रवाई की जाएगी। होली त्यौहार के दृष्टिकोण से शांतिपूर्ण कानून व्यवस्था कायम रखने के लिए 1 अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, 1 नगर पुलिस अधीक्षक (प्रशिक्षु आईपीएस),3 एसडीओपी, 18 निरीक्षक,19 उपनिरीक्षक, 41 सहायक उपनिरीक्षक, 65 प्रधान आरक्षक, 11 पुलिस कार्यालय बल, 4 महिला प्रधान आरक्षक, 334 आरक्षक, 17 महिला आरक्षक एवं 53 नगर सैनिक का बल तैनात किए गए हैं। होली से पूर्व रविवार को सरगुजा पुलिस द्वारा शहर में फ्लैग मार्च निकाला गया। इस दौरान एएसपी विजय अग्रवाल,एएसपी अमोलक सिंह ढिल्लो, सीएसपी सहित अन्य पुलिस अधिकारी व कर्मचारी शामिल रहे। फ्लैग मार्च शहर के विभिन्न सडकों से होकर निकली। इस दौरान होली त्यौहार शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की अपील सरगुजा पुलिस द्वारा की गई है।






# विधि-विधान से हुआ होलिका दहन,आज मनेगा रंगों का त्योहार

**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,24 मार्च 2024 (घटती-घटना)।**

रंगों का त्यौहार होली सोमवार को मनाया जाएगा। इसे लेकर लोगों में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। बाजार पूरी तरह से रंग-गुलाल व तरह-तरह के पिचकारी से सज चुका है। लोगों ने पिचकारी, अबीर-गुलाल की जमकर खरीदारी की। इसे पूर्व रविवार को होलिका दहन पूरे विधि विधान से किया गया। हिन्दू रीति- रिवाज में होलिका दहन का विशेष महत्व माना गया है। शहर के जगह-जगह होलिका दहन की तैयारी की गई है।



गौरतलब है कि रंगो का त्योहार होली 25 मार्च को पूरे संभाग में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। होली को लेकर लोगों में विशेष उत्साह है। लोगों ने होली की खरीदारी पूर्व से ही शुरू कर दी है। वहीं जिला प्रशासन ने सौहार्द्र के साथ होली मनाने की अपील की है। ताकि किसी तरह की कोई अप्रिय घाटना न हो सके। वहीं होली को लेकर बाजार पूरी तरह गुलजार रहा। शहर के घड़ी चौक, थाना चौक, गुदरी बाजार, देवीगंज रोड, स्कूल रोड सहित अन्य स्थानों पर व्यावसायियो ने होली के सामान बेचने के लिए आकर्षक तरीके से दुकान सजा कर रखी थी। रविवार को दिन भर लोगों ने होली की खरीदारी की। होली की खरीदारी करने पहुंचे लोगों ने कहा कि इस वर्ष होली पर महंगाई का असर दिख रहा है। पिचकारी,रंग,गुलाल,अबीर महंगे बेचे जा रहे हैं। वहीं व्यावसायियों का कहना है कि हर सामान थोक व्यापारियों द्वारा महंगा दिया गया है। इस कारण हम लोगों को महंगे दामों पर बेचना मजबूरी है। होलिका दहन का अंबिकापुर शहर में जगह-जगह आयोजन किया गया। होलिका दहन को लेकर बच्चों में विशेष उत्साह देखा गया। पूरे दिन लोगों ने जगह-जगह होलिका की पूजा अर्चना कर पूरे साल घर परिवार में शांति व खुशहाली की कामना की। इसके बाद रात 11.13 से 12.27 बजे के बीच शुभ मुहूर्त में होलिका का दहन किया गया। वहीं श्याम मंदिर परिसर में श्याम सेवा मंडल द्वारा होलिका दहन का कार्यक्रम किया गया। होली के अवसर पर फाग गीत गाया जाता है। हालांकि यह परंपरा अब धीरे-धीरे कम हो रहा है। पर ग्रामीण क्षेत्र में यह फाग गीत गाने की परंपरा अभी भी है। लोगों ने होली के सप्ताह भर पूर्व से ही फाग गीत गाए जा रहे हैं। लोग मंडली बनाकर ढोल-नगाड़ों की धून पर फाग गीत गाते हैं।





# पॉम संडे पर मसीही समाज ने निकाली शोभायात्रा

**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,24 मार्च 2024 (घटती-घटना)।**

मसीही समाज द्वारा रविवार को पॉम सण्डे के अवसर पर शोभायात्रा निकाली गई। महागिरिजा घर में सर्व प्रथम खजूर की डालियों की अशीष प्रार्थना सरगुजा धर्मप्रान्त के धर्माध्यक्ष बिशप डॉ अंतोनिस बड़ा की अगुवाई में सम्पन्न हुई। अशीष प्रार्थना के बाद खजूर डालियां हाथ में लेकर मसीहीजन महागिरिजाघर प्रांगण से सेन्ट जेवियर स्कूल प्रांगण से होकर वापस महागिरिजाघर पहुंची। गिरिजाघर में फिर प्रार्थना सभा, समारोही मिस्सा बलिदान पूजा का धर्मिक अनुष्ठान व बाईबिल के पाठों का वाचन विशप अंतोनी बड़ा के नेतृत्व में पल्ली पुरोहित फा. जार्ज ग्रे कुजूर ने संयुक्त रूप से सम्पन्न कराया। विदित हो कि अपनी मृत्यु पूर्व प्रभु येसू ने एक विजयी राजा के समान येरूसलेम में प्रवेश के दौरान अमीरों ने कपड़े आदि राह में व गरिबों ने पेड़ों की पत्तीयों जैतुन की डालियां व हाथ में खजूर की डालियां लहराते हुए अपने राजा का भव्य स्वागत किया था। आज के इस दिन से पुण्य सप्ताह की भी शुरुवात हो जाती है।

कार्यक्रम में दौरान भक्ति गीत संगीत की प्रस्तुति फादर पीटर की अगुवाई में महिला संघ व काथलिक सभा द्वारा दी गई। इस दौरान के फादर ज्ञान प्रकाश, फा अविरा, फा थेओदोर लकड़ा, अलावा नगर के महापौर डॉ. अजय तिर्की, लुण्ड्रा विधायक प्रबोध मिंज उर्सू लाईन सिस्टर्स, संत अन्ना सिस्टर्स सहित बड़ी संख्या में मसीही समाज के लोग मौजूद थे।





# बतौली में हुए सड़क हादसे में घायल एक और युवक की मौत

**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,24 मार्च 2024 (घटती-घटना)।**

एनएच 43 स्थित बतौली पुल के पास शनिवार की सुबह हुए सड़क हादसे में चार घायलों में से एक युवक की मौत इलाज के दौरान मेडिकल कॉलेज अस्पताल में हो गई। वहीं एक युवक की मौत मौके पर ही हो गई थी। जबकि तीन का इलाज अभी भी जारी है।

जानकारी के अनुसार प्रभु राम पिता बंधन नगेशिया (18) बगीचा थाना क्षेत्र का रहने वाला था। शनिवार की सुबह अपने जीजा देवधर व सुरजो बाई के साथ दशगात्र कार्यक्रम में शामिल होकर बतौली से अपने घर बाइक से जा रहा था। तभी बतौली के पास पुलिया के पास बाइक की भिड़ंत स्कूटी सवार से हो गई थी। दुर्घटना में देवधर की मौत मौके पर ही हो गई थी। वहीं प्रभु, सुरजो बाई के अलावा स्कूटी सवार मनोज व मनोज गुप्ता गंभीर रूप से घायल हो गए थे। चारों को इलाजा के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था। यहां इलाज के दौरान प्रभु राम की भी मौत हो गई। वहीं शेष घायलों का इलाज चल रहा है।

# अपने परिवार की देखभाल के साथ बच्चों की पढ़ाई पर दें विशेष ध्यान



**» एसपी ने पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों की ली बैठक**

**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,24 मार्च 2024 (घटती-घटना)।**

सरगुजाा एसपी विजय अग्रवाल ने पुलिस लाइन स्थित सभाकक्ष में पुलिस अधिकारी कर्मचारियों की बैठक ली।

इस दौरान एसपी ने पुलिसकर्मियों से रूबरू होकर उनकी समस्याएं सुनी। पुलिसकर्मियों द्वारा समयमान, वेतनमान, आवासगृह और किट भत्ते कि मांग की गई। इस दौरान कर्मचारियों ने पुलिस अस्पताल में फिजियोथेरेपी की व्यवस्था कराने की मांग की। उन्होंने अपने कर्मचारियों की समस्याएं गंभीरता से सुनी और उसे निराकरण के आश्वासन दिए। इस दौरान एसपी ने पुलिसकर्मियों को अपने परिवार की समुचित देखभाल एवं बच्चों की पढ़ाई पर विशेष ध्यान देने की बात कही। उन्होंने पुलिसकर्मियों को निर्देश दिया है कि होली ड्यूटी के दौरान आमलोगों से अच्छा व्यवहार करें।

## फिटनेस पर भी दें ध्यान...

एसपी ने पुलिसकर्मियों को नशे से दूर रहने की आपील की है। उनहोंने कहा ड्यूटी ड्यूटी के बाद समय निकालकर अपने शारीरिक व्यायाम फिटनेस पर भी ध्यान दें। इससे आप भविष्य में स्वस्थ्य और फिट रहेंगे।



# कीटनाशक सेवन से युवक की मौत

**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,24 मार्च 2024 (घटती-घटना)।**


रामनगर पतरापारा में एक युवक ने 20 मार्च को अज्ञात कारण से कीटनाशक सेवन कर लिया था। उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार राय सिंह पिता शिवनारायण गोड़ उम्र 35 वर्ष बिश्रामपुर थाना क्षेत्र के ग्राम रामनगर पतरापारा का रहने वाला था। वह 20 मार्च को अज्ञात कारण से कीटनाशक सेवन कर लिया था। परिजन उसे इलाज के लिए बिश्रामपुर अस्पताल में भर्ती कराया था। यहां उसकी स्थिति को गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने उसे बेहतर इलाज के लिए अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

# चंगाई सभा चलने की शिकायत पर पहुंचे प्रशासनिक अमले ने आचार संहिता उल्लंघन बता कराया आयोजन बंद

**- सवाददाता -**
**अंबिकापुर,24 मार्च 2024 (घटती-घटना)।**

शहर के भगवानपुर महापौर गली में ईसाई समाज के द्वारा चंगाई सभा का आयोजन किये जाने की शिकायत पर पहुंची पुलिस ने आयोजन को रोक दिया है। उक्त आयोजन की सूचना स्थानीय लोगों द्वारा पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची गांधीनगर पुलिस और प्रशासनिक टीम ने चंगाई सभा को आचार संहिता का उल्लंघन मानते हुए बंद कर दिया है और आगे की जांच में पुलिस जुट गई हैं। मिली जानकारी के अनुसार रविवार को भगवानपुर महापौर गली के एक घर में ईसाई समाज द्वारा चंगाई सभा का आयोजन किया जा रहा था। स्थानीय निवासी रोशन तिवारी ने बताया कि यहां चंगाई सभा का आयोजन किया जा रहा था, अंधविश्वास फैला कर मरीजों को ठीक करने का काम करते हैं। उन्होंने कहा कि सूचना पर पहुंची पुलिस और प्रशासनिक टीम कार्यवाही कर रही है। वहीं एक और स्थानीय निवासी दीपक राम ने आरोप लगाया कि 3 सालों से इस तरह से चंगाई सभा का आयोजन किया जा रहा था। जिसको लेकर शिकायत भी कई बार की गई। लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। वही आज स्थानीय लोगों के द्वारा फिर से शिकायत करने के बाद प्रशासनिक टीम और पुलिस टीम मौके पर पहुँची और आचार संहिता का उल्लंघन मानते हुए सभा को बंद कर दिया है। बताया जा रहा था कि इस चंगाई सभा में बीमारी ठांक करने जैसा काय चल रहा था।






मौके पर जांच में पहुंचे प्रशासनिक अधिकारी ने कहा कि सभा होने की सूचना मिली थी,आचार संहिता के नियमों के तहत कार्यवाही की जा रही है। सभी के बयान दर्ज किये जा रहे हैं। जांच के बाद जो भी कार्यवाही होगी आपको बता दिया जाएगा।बता दें कि आज मसीही समाज खजूर पर मना रहा है। सुबह से शहर के महागिरजाघर सहित अन्य गिरजाघर में मसीही समाज के लोग खजूर की डाली लेकर पहुंचे और अलग-अलग क्षेत्र में शोभायात्रा भी निकली थी। आज के दिन ख्रीस्त राजा पर्व मनाया जाता है। ख्रीस्त राजा को याद किया जाता है। इस समय ईसाई समाज का चालीसवाँ पर्व भी चल रहा है।

# जयशंकर बोले- अनुच्छेद 370 हटने से बदलाव आया, रूस से रिश्तों पर भारतीय समुदाय से क्या बोले





**सिंगापुर,24 मार्च 2024।** सिंगापुर में भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि देश में कई बदलाव के फायदे अब दिखने लगे हैं। अनुच्छेद 370 का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि यह एक अस्थायी उपाय था। इसने जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के विकास को थाम दिया था। अनुच्छेद 370 से हमें एक राष्ट्र के तौर पर नुकसान ही हुआ है।

### अनुच्छेद 370 हटते ही बदल गई तस्वीर, विकास में तेजी

जम्मू-कश्मीर में हिंसा और आतंकवाद के मुद्दे पर अपने संबोधन में विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि अनुच्छेद 370 ने अलगाववाद, हिंसा और आतंकवाद को जन्म दिया, जो पूरे देश की सुरक्षा के लिए एक समस्या बन गई थी। इस तरह के कानूनों ने जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के क्षेत्रों के विकास को पूरी तरह से रोक दिया था। उन्होंने कहा कि अनुच्छेद 370 को हटाने के बाद का बदलाव आज आप महसूस कर सकते हैं। विकास की रफ्तार बढ़ गई है। गौरतलब अगस्त 2019 में भारत सरकार ने संविधान के अनुच्छेद 370 को निरस्त कर दिया, जम्मू और कश्मीर की विशेष स्थिति को रद्द कर दिया और राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित कर दिया।

### भारत और रूस के संबंध हमेशा अच्छे रहे- जयशंकर

इस बीच, भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए विदेश मंत्री एस जयशंकर ने रविवार भारत और रूस के संबंधों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि भारत के रूस के साथ हमेशा अच्छे संबंध रहे हैं। दोनों देशों ने एक-दूसरे के हितों का खास ध्यान रखा है। इस दौरान जयशंकर ने उस बात को पूरी तरह से खारिज किया है जिसमें कहा गया कि रूस अब भारत की मुकाबले चीन की तरफ दोस्ती का हाथ बढ़ा रहा है।

अपने संबोधन में विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि भारत को रूस या किसी अन्य देश के साथ अपने संबंधों को अपने नजरिए से देखना चाहिए। क्या रूस ने हमारी मदद की या नुकसान पहुंचाया इस सवाल के जवाब में एस जयशंकर ने यह बात कही थी।

### एक-दूसरे का दोनों देशों ने रखा ख्याल:जयशंकर

भारत-रूस के संबंधों पर एक सवाल का जवाब देते हुए जयशंकर ने कहा कि भारत और रूस दोनों ने एक-दूसरे के हितों का ख्याल रखने के लिए ज्यादा सावधानी बरती है। इसलिए, मुझे लगता है कि जैसे-जैसे हम आगे बढ़ेंगे, हमारे द्विपक्षीय मुद्दों में भी मजबूती आएगी। गौरतलब है कि यूक्रेन और रूस युद्ध के बावजूद भारत और रूस के संबंध मजबूती से खड़े हुए हैं। भारत ने हमेशा से युद्ध का कूटनीतिक और बाचीत के माध्यम से हल निकालने की बात कही है।

नवंबर में अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव और भारत के साथ संबंध पर एक सवाल का जवाब देते हुए जयशंकर ने कहा कि मैं धैर्य रखना पसंद करता हूं। जयशंकर ने कहा कि उन्हें विश्वास है कि अमेरिका का जो भी राष्ट्रपति होगा, भारत उसके साथ मिल सकता है।

# होली के रंगों में पाकिस्तान भी डूबा,पूर्व विदेश मंत्री भुट्टो ने हिंदू समुदाय को दी बधाई...



**इस्लामाबाद, 24 मार्च 2024।** पाकिस्तान में भी होली का जश्न जोर-शोर से शुरू हो चुका है। लोग होली की मस्ती में डूब गए हैं। पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो ने रविवार को हिंदू समुदाय को होली की शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा है कि होली वह त्योहार है जो मानवता की याद दिलाता है जो धार्मिक और सांस्कृतिक मतभेदों से परे है।

पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के अध्यक्ष ने समावेशिता को बढ़ावा देने और देश के भीतर विविध सांस्कृतिक परंपराओं के लिए सम्मान के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि होली साझा मानवता की याद दिलाता है जो धार्मिक या सांस्कृतिक मतभेदों से परे है।

कड़वाहट भुलाकर आगे बढ़ने के बारे में सोचना चाहिए

इस तरह के त्योहार से देश के भीतर समावेशिता को बढ़ावा देते हुए उन्होंने पाकिस्तान की आबादी के बीच आपसी समझ और एकजुटता की वकालत करते हुए सामाजिक सामंजस्य की आवश्यकता पर जोर दिया।उन्होंने कहा है कि होली वह त्योहार है जो झूठ पर सच की जीत के बारे में बताता है। ऐसे में सभी को कड़वाहट भुलाकर आगे बढ़ने के बारे में सोचना चाहिए। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के हर नागरिक के पास संविधान के मुताबिक समान अधिकार हैं। ऐसे में उन्हें इस त्योहार को मनाने का भी पूरा हक है।

# असाधारण नेता...दुनिया को ऐसे ही लोगों की जरूरत भूटान के राजा ने पीएम मोदी के तारीफ में पढ़े कसीदे



**थिम्फू, 24 मार्च 2024।** भूटान के राजा जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को असाधारण नेता बताया है। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी की दो दिवसीय भूटान यात्रा के बाद उनकी तारीफ करते हुए कहा कि दुनिया को ऐसे ही नेताओं की जरूरत है। अगर ऐसे नेता होंगे तो देशों को आगे बढ़ने और फलने-फूलने से कोई नहीं रोक सकता। पड़ोसी देश के राजा वांगचुक ने अपने वीडियो संदेश में भारत की भी प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि भारत ने एक आशाजनक और समृद्ध भविष्य का मार्ग प्रशस्त किया है। भूटान भारत की उपलब्धियों की सराहना करता है और खुशी मनाता है।

वीडियो संदेश में राजा वांगचुक ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत ने पिछले दशक में न केवल उल्लेखनीय सफलता हासिल की है, बल्कि एक आशाजनक और समृद्ध भविष्य का मार्ग भी दिखाया है। हम भारत की उपलब्धियों की सराहना करते हैं और खुशी मनाते हैं। देशों को आगे बढ़ने और फलने-फूलने के लिए असाधारण नेताओं की आवश्यकता होती है। एक असाधारण नेता के अंदर करुणा, देश के प्रति गहरा समर्पण और खुद को पूरी तरह से देश की सेवा में समर्पित करने की इच्छा होनी चाहिए। ऐसे नेता सत्ता का उपयोग अपने लिए नहीं, बल्कि लोगों के अटूट समर्थन के साथ महत्वपूर्ण बदलाव लाने के लिए करते है। मेरी नजर में, प्रधानमंत्री मोदी इन गुणों का प्रतीक हैं।

# अमेरिका में एक और भारतवंशी की मौत,कार हादसे में गई महिला की जान,शव को वापस लाने की कोशिशें जारी

**न्यूयॉर्क,24 मार्च 2024।** अमेरिका में भारतीय मूल की 21 वर्षीय महिला की मौत हो गई। न्यूयॉर्क स्थिक भारतीय वाणिज्य दूतावास ने एक्स पर बताया कि पेंसिल्वेनिया में हुए कार हादसे में भारतीय मूल की महिला अर्शिया जोशी की मौत हो गई। दूतावास द्वारा अर्शिया जोशी के परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की गई है।




### कार दुर्घटना में हुई मौत

वाणिज्य दूतावास ने बताया कि वह लगातार अर्शिया जोशी के परिवार और स्थानीय नेताओं के संपर्क में है। दूतावास द्वारा अर्शिया के पार्थिव शरीर को भारत वापस लाने के लिए हर संभव सहायता का आश्वासन दिया गया है। एक्स पर की गई पोस्ट में भारतीय वाणिज्य दूतावास ने बताया कि 21 मार्च को पेंसिल्वेनिया में एक दुखद कार दुर्घटना हुई, जिसमें अर्शिया जोशी की मौत हो गई। अर्शिया के परिवार के प्रति हमारी गहरी संवेदना है, उनकी आत्मा को शांति मिले। आगे लिखा है कि आर्शिया के पार्थिव शरीर को जल्द से जल्द भारत लाने के लिए हर संभव सहायता प्रदान की जा रही है।

### साल 2024 में अब तक आठ भारतीयों की मौत

इस साल यानी 2024 में अमेरिका में आठ भारतीय और भारतीय मूल के लोगों की मौत हो चुकी है। उधर भारतवंशियों पर लगातार हमले की घटनाएं भी सामने आई हैं। इस वजह से वहां रहने वाले भारतीय समुदाय के लोगों में डर का माहौल है।

मार्च 2024 में वॉशिंगटन विश्वविद्यालय के छात्र और कुचुपुड़ी डांसर अमरनाथ घोष को सेंट लुइस में गोली मार दी गई थी। पश्चिम बंगाल के रहने वाले अमरनाथ घोष साल 2023 में अमेरिका चले गए थे। घोष के शरीर पर कई गोलियां दागी गई थी, जिस वजह से उनकी मौके पर ही मौत हो गई थी।

5 फरवरी 2024 को भारतीय मूल के छात्र समीर कामथ का शव इंडियाना क्षेत्र में मिला था। समीर कामथ पर्ड्यू विश्वविद्यालय के छात्र थे।

2 फरवरी 2024 को वाशिंगटन में एक रेस्तरां के बाहर भारतीय मूल के आईटी एग्जीक्यूटिव विवेक तनेजा पर हमला हुआ था। इस हमले में उनकी मौत हो गई थी।

इसी साल जनवरी महीने में ओहायो में लिंडनर स्कूल ऑफ बिजनेस के छात्र श्रेयस रेड्डी का शव मिला था।

जनवरी के महीने में ही पर्ड्यू विश्वविद्यालय के छात्र नील आचार्य के लापता होने की खबर सामने आई थी। इसके बाद नील की मौत की पुष्टि हो गई थी।


फरवरी में अमेरिका में एक और भारतीय मूल के छात्र की मौत हो गई थी। छात्र का नाम अकुल धवन था और वो इलिनोइस विश्वविद्यालय अर्बाना-शैंपेन के छात्र

18 मार्च को अभिजीत पारुचुरु की मौत की खबर सामने आई है। उन पर किसी तरह के हमले की पुष्टि नहीं हुई ।

अब पेंसिल्वेनिया में हुए कार हादसे में 21 वर्षीय अर्शिया जोशी की मौत की खबर सामने आई है।

# रूस के एक दशक पहले के 'एक्शन पर रिएक्शन' दे रहा आईएस-के आतंकियों का अफगानिस्तान से करीबी संबंध

**मॉस्को,24 मार्च 2024।**




इस्लामिक स्टेट ऑफ इराक एंड सीरिया-खुरासान (आईएसआईएस-के या आईएसके) वो संगठन है, जिसने रूस की राजधानी मॉस्को के क्रॉकस सिटी हॉल पर हमले की जिम्मेदारी ली है। अमेरिका ने भी अपने खुफिया नेटवर्क का हवाला देते हुए दावा किया है कि हमला आईएसके ने ही किया है।

इस्लामिक स्टेट की न्यूज एजेंसी अमाक ने टेलीग्राम पर हमले की जिम्मेदारी लेते हुए कहा है कि ये पुतिन के इस्लाम विरोधी कर्मों का नतीजा है। ईरान, सीरिया और तुर्किये जैसे मुस्लिम देशों के करीबी सहयोगी रूस पर आतंकी हमला चौंकाने वाला जरूर है। क्योंकि, ज्यादातर इस्लामी आतंकी संगठनों के लिए अमेरिका सबसे बड़ा दुश्मन है। विशेषज्ञ आईएसके के मॉस्को पर हमले को करीब एक दशक पहले हुए रूसी एक्शन का रिएक्शन मान रहे हैं। आईएसआईएस के खुरासान मॉड्यूल अफगानिस्तान से संचालित हो रहा है। इसके लड़ाकों में अफगानिस्तान के अलावा तुर्कमेनिस्तान, ताजिकिस्तान व इराक के लड़ाके शामिल हैं। आईएसआईएस के मुख्य मॉड्यूल के खत्म होने के बाद इसका भी विस्तार रुक गया था।

### रूस पर क्यों किया हमला

यह बड़ा सवाल है। इसका सीधा जवाब अतीत में मिलता है। 2012-13 में जब आईएसआईएस इराक और सीरिया में विस्तार कर रहा था। तब रूसी राष्ट्रपति के एक फैसले ने आईएसआईएस की कमर तोड़ दी। पुतिन ने 2015 में सीरिया के राष्ट्रपति बशर-अल-अशद का साथ देने का फैसला किया।

### वर्षों से बना रहे थे योजना

सुरक्षा परामर्श फर्म सौफान ग्रुप के मुताबिक आईएसके कई वर्षों से अमेरिका और रूस पर हमले की योजना बना रहा है। आतंकी समूह पुतिन को मुस्लिम विरोधी मानता है। पुतिन के चलते खत्म हुआ आईएस पुतिन के बशर-अल-असद का साथ देने से आईएस को एक तरफ से अमेरिका और एक तरफ रूसी हमलों का सामना करना पड़ा और कुछ ही दिनों में यह आतंकी संगठन खत्म हो गया।

# राष्ट्रपति बाइडन ने शटडाउन टाला, 1.2 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर का बिल पारित किया

**वाशिंगटन,24 मार्च 2024।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने शनिवार को 1.2 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर के कानून पर हस्ताक्षर किए, जिससे आसन्न शटडाउन को टाल दिया गया। साथ ही 30 सितंबर को समाप्त होने वाले वित्तीय वर्ष के दौरान संघीय एजेंसियों की फंडिंग को पूरा किया गया।

यह बिल शुक्रवार को अमेरिकी प्रतिनिधि सभा और शनिवार को सीनेट द्वारा पारित किए जाने के बाद आया है। यह विधेयक रक्षा, होमलैंड सुरक्षा, श्रम, स्वास्थ्य और मानव सेवा, शिक्षा, राज्य और विधायी शाखा सहित महत्वपूर्ण सरकारी कार्यों की एक सूची को संबोधित करता है।

### पैकेज एक समझौता है



मीडिया रिपोर्ट के अनुसार बाइडन ने एक बयान में कहा कि पैकेज एक समझौता है, लेकिन यह अमेरिकी लोगों के लिए अच्छी खबर है। उन्होंने बयान में कहा, इस समझौते का अर्थ है कि किसी भी पक्ष को वह सब कुछ नहीं मिला जो वह चाहता था। साथ ही यह बच्चों की देखभाल, कैंसर अनुसंधान और मानसिक स्वास्थ्य में निवेश करते समय हाउस रिपब्लिकन से अत्यधिक कटौती को अस्वीकार करता है।

राष्ट्रपति बाइडन ने यह भी बताया कि अंतिम पैकेज में सीमा को सुरक्षित करने के लिए संसाधन शामिल थे, जिन्हें शामिल करने के लिए मेरे प्रशासन ने सफलतापूर्वक लड़ाई लड़ी। उन्होंने अतिरिक्त कानून पारित करने का आग्रह करते हुए यह भी कहा कि अमेरिकी कांग्रेस का काम खत्म नहीं हुआ है।

### द्विदलीय राष्ट्रीय सुरक्षा पूरक को पारित करने का किया आह्वान

बता दें कि बाइडन ने सदन से राष्ट्रीय सुरक्षा हितों को आगे बढ़ाने के लिए द्विदलीय राष्ट्रीय सुरक्षा पूरक को पारित करने का आह्वान किया। उन्होंने दोनों सदनों से द्विदलीय सीमा सुरक्षा विधेयक को पारित करने का आग्रह किया। इसपर उनके प्रशासन ने बातचीत की है, इसे दशकों में सबसे कठिन और निष्पक्ष सुधार कहा।

# शौचालय में मिले 28 शव,आईएस ने जारी किया गोलीबारी का वीडियो

**मॉस्को, 24 मार्च 2024।** रूस के क्रॉकस सिटी में हुई गोलीबारी में 130 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। मृतकों का आंकड़ा लगातार बढ़ रहा है। आतंकियों ने मासूम लोगों को निशाना बनाते हुए हॉल में धमाका किया और जमकर गोलियां बरसाई थीं। अब तक इस घटना पर 11 संदिग्ध गिरफ्तार किए जा चुके हैं। इनमें से चार वह बंदूकधारी हैं, जो हमले में सीधे तौर पर शामिल रहे। वहीं, हमले की जिम्मेदारी आईएस-खोरासान ने ली है। इस बीच, यूक्रेन के अधिकारियों ने सफाई दी है कि वह इस हमले के पीछे नहीं हैं। हालांकि, रूसी अधिकारियों का दावा है कि हमलावरों को यूक्रेन से मदद मिली थी।

रूसी अधिकारियों ने पहले कहा था कि गोलीबारी में 143 लोग मारे गए हैं। हालांकि, बाद में उन्होंने बताया कि 24 घंटे से अधिक समय की तलाश में 133 शव बरामद किए गए हैं। 107 लोग अस्पतालों में जिंदगी की जंग लड़ रहे हैं।

आइए जानते हैं आंतकी हमले से लेकर आतंकियों की गिरफ्तारी तक क्या कुछ हुआ-

राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने 24 मार्च के दिन राष्ट्रीय शोक का एलान किया। पुतिन ने कहा कि हमलावरों ने भागने की कोशिश की; वे यूक्रेन की सीमा की ओर बढ़ रहे थे। जांच अधिकारी हमलावरों की पहचान करने का हर संभव प्रयास करेंगे। ये अपराधी विशेष रूप से हमारे लोगों को मारने के लिए गए थे। पुतिन ने अन्य देशों से सहयोग की उम्मीद भी जताई।



रूस की एफएसबी सुरक्षा एजेंसी के मुताबिक, हमलावरों के यूक्रेन में संपर्क थे और वह बॉर्डर की तरफ भाग रहे थे। हालांकि, रूस-यूक्रेन बॉर्डर तक पहुंचने से पहले ही उन्हें ब्रायन्स्क प्रांत में पकड़ लिया गया।

वहीं, यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने साफ मना कर दिया है कि उनके देश का इस घटना से कोई लेना-देना नहीं है। यूक्रेनी सैन्य खुफिया प्रवक्ता एंड्री युसोव ने बताया कि उनका देश इस आतंकवादी हमले में शामिल नहीं है। उन्होंने कहा कि यूक्रेन रूसी आक्रमण के खिलाफ खुद का बचाव कर रहा है और यह कब्जा करने वालों की सेना के खिलाफ लड़ रहा है, न कि नागरिकों के खिलाफ।

पुतिन ने कहा कि हमले के दोषियों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि जांच के बाद हत्याकांड के दोषियों को सख्त सजा दिलाई जाएगी। उन्होंने कहा, हम उन सभी की पहचान करेंगे और उन्हें सजा देंगे जो रूस के खिलाफ और हमारे लोगों के खिलाफ इस अत्याचार की योजना बनाने वाले आतंकवादियों के पीछे हैं।

इस बीच, अमेरिका के व्हाइट हाउस ने दावा किया कि अमेरिकी सरकार ने मॉस्को में एक योजनाबद्ध हमले के बारे में रूस के साथ जानकारी साझा की थी। अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के प्रवक्ता एड्रिएन वाटसन ने शनिवार को कहा कि इस हमले में यूक्रेन का कोई हाथ नहीं है।

कॉन्सर्ट हॉल में कुछ लोगों की मौत बंदूक की गोली लगने से हुई, जबकि अन्य की आग में जलने से मौत हो गई क्योंकि बंदूकधारियों ने हॉल में आग लगाने के लिए पेट्रोल का इस्तेमाल किया था। 28 शव शौचालय से और 14 शव सीढ़ी से बरामद किए गए।

रूसी सांसद अलेक्जेंडर खिनशेटिन ने कहा कि हमलावरों को पुलिस ने शुक्रवार रात मॉस्को से लगभग 340 किलोमीटर (210 मील) दक्षिण-पश्चिम में ब्रायन्स्क क्षेत्र में देखा था। उन्होंने कहा कि उन्हें रुकने का आदेश दिया, लेकिन वह नहीं रुके, जिसके बाद एक कार का पीछा किया गया। कार में एक पिस्तौल, एक असॉल्ट राइफल के लिए एक पत्रिका और ताजिकिस्तान के पासपोर्ट पाए गए।

एक वीडियो सामने आया है, जिसमें संदिग्धों में से एक युवा, दाढ़ी वाले व्यक्ति से सड़क के किनारे पूछताछ करते हुए देखा गया। संदिग्ध ने कहा कि वह चार मार्च को तुर्की से आया था और उसे टेलीग्राम के माध्यम से अज्ञात लोगों से पैसे के बदले हमले को अंजाम देने का निर्देश मिले थे।

इस्लामिक स्टेट आईएस ने कहा कि सैकड़ों लोगों की हत्या करने और भारी तबाही मचाने के बाद उसके लड़ाके सुरक्षित अपने ठिकानों पर लौट आए हैं। अमेरिकी अधिकारियों ने समाचार संस्थानों को बताया है कि जो बाइडन प्रशासन के पास आईएस के जिम्मेदारी के दावे पर संदेह होने की कोई वजह नहीं है।

व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरिन जीन-पियरे ने शनिवार को एक बयान में कहा, अमेरिका मॉस्को में हुए जघन्य आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा करता है। इस्लामिक स्टेट आतंकवादी है, जिसे हर जगह से खत्म किया जाना चाहिए।

आईएस से संबद्ध समाचार एजेंसी ने शनिवार को एक ग्राफिक वीडियो जारी किया, जिसमें शुक्रवार को मॉस्को के एक कॉन्सर्ट हॉल में हुए हमले को दिखाया गया है, जिसे हमलावरों में से एक ने रिकॉर्ड किया है। करीब 90 सेकंड के इस वीडियो में चार हमलावरों को दिखाया गया है, जिनके चेहरे धुंधले हैं और क्रोकस सिटी हॉल परिसर में उनकी आवाजें गूंज रही हैं।

वीडियो में एक हमलावर दूसरे को संकेत देते हुए दिखाई दिया। इसके बाद हमलावर एक दरवाजे के पास जाता है, जहां लोग छिपे हुए हैं और उन पर गोलियां चलाता है। वहीं, हॉल के फर्श पर शव और खून देखा जा सकता है। वहीं कुछ दूरी पर आग लगी दिख रही है। वीडियो में हमलावरों में से एक को अपनी पीठ पर लेटे एक व्यक्ति का गला काटते हुए भी दिखाया है।



# भारत की इन 4 जगहों पर नहीं मनाया जाता होली का त्योहार

**होली को भारत के बड़े और लोकप्रिय त्योहारों में गिना जाता है...देश ही नहीं...विदेश में भी कई जगहों पर इसकी धूम देखने को मिलती है। ऐसे में आपको जानकर हैरानी होगी कि हमारे देश में ही कई जगहें ऐसी हैं,जहां नाच-गाना तो छोड़िए,आपके लिए रंग या गुलाल ढूंढना भी मुश्किल हो जाएगा। भारत की ऐसी 4 जगह शामिल हैं जहां होली बिल्कुल भी नहीं मनाई जाती है...**



### रामसन गांव, गुजरात

गुजरात के बनासकांठा जिले में एक ऐसा गांव है, जहां लोग करीब 200 सालों से होली नहीं मना रहे हैं। जी हां,मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो यहां रामसन गांव को कुछ संतों का श्राप मिला हुआ है, जिसके चलते यहां लोग होली का कोई जश्न नही मनाते हैं।

### तमिलनाडु,दक्षिण भारत

दक्षिण भारत के तमिलनाडु राज्य में भी आपको होली देखने के लिए नहीं मिलेगी। इस दिन यहां लोग मासी मागम मनाते हैं,जो कि एक स्थानीय पर्व है। ऐसे में होली का जश्न यहां भी फीका ही रहता है।



### दुर्गापुर, झारखंड

झारखंड के दुर्गापुर गांव में लगभग 200 साल से होली का त्योहार नहीं मनाया जाता है। मान्यता है कि यहां इसी दिन राजा के बेटे की मौत हो गई थी, जिसके बाद इसी घटना में मरने से पहले राजा ने गांव में होली पर पाबंदी लगा दी थी। ऐसे में इस गांव के कई लोग आज भी होली मनाने के लिए पड़ोस के गांव में जाते हैं।

### रुद्रप्रयाग, उत्तराखंड

उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग जिले के तीन गांव, क्विली, कुरझन और जौदला में भी होली नहीं मनाई जाती है। इसके पीछे की वजह भी बेहद दिलचस्प है। स्थानीय लोगों का मनाना है कि यहां की देवी त्रिपुर सुंदरी को शोर-शराबा पसंद नहीं है, यह देवी तीनों गावों की रक्षा करती हैं। ऐसे में यहां के लोग होली के सेलिब्रेशन से परहेज करना ही पसंद करते हैं।

# इन रंगों से लड्डू गोपाल के साथ खेलें होली,जीवन सदैव रहेगा खुशहाल



हिंदुओं का प्रमुख त्योहार है होली। यह पर्व हर साल फाल्गुन माह के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि को मनाया जाता है। इस त्योहार के दिन गली-मोहल्ले में अलग ही रौनक देखने को मिलती है। इस वर्ष होली का पर्व 25 मार्च को मनाया जाएगा। इस दिन लोग दूसरे को गुलाल और रंग लगा कर होली खेलते हैं। होली खेलने की शुरुआत लोग अपने लड्डू गोपाल और देवी-देवता के साथ करते हैं। अगर आप भी इस बार लड्डू गोपाल के साथ होली खेलने की प्लानिंग कर रहे हैं, तो इससे पहले आप यहां जान लें उन्हें कौन सा रंग लगाना शुभ होता है।

### लगाएं ये रंग

भगवान विष्णु जी का प्रिय रंग पीला है और भगवान श्री कृष्ण विष्णु जी के अवतार हैं, तो ऐसे में होली के अवसर लड्डू गोपाल को पीला रंग लगा सकते हैं। मान्यता है कि इस पीले रंग से होली खेलकर लड्डू गोपाल का आशीर्वाद प्राप्त होगा।इसके अलावा लड्डू गोपाल गुलाबी,हरा और लाल रंग लगा सकते हैं। इन रंगों के साथ लड्डू गोपाल के साथ होली खेलना शुभ माना जाता है और घर में सुख और समृद्धि का आगमन होता है। यही वजह है कि लड्डू गोपाल को होली के दिन इन रंगों को अर्पित करना चाहिए। इससे साधक का जीवन सदैव खुशहाल होता है। साथ ही सभी तरह के संकटों से मुक्ति मिलती है।

### कब है होली

ज्योतिषियों की मानें तो होलिका दहन का समय 24 मार्च को देर रात 11 बजकर 13 मिनट से लेकर 12 बजकर 27 मिनट तक है। इसके अगले दिन होली मनाई जाती है। अतः वर्ष 2024 में 25 मार्च को होली मनाई जाएगी। इस दिन देशभर में होली का पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा।

# होलिका दहन क्यों मनाया जाता है ? जानें प्रहलाद और हिरण्यकश्यप से जुड़ी पौराणिक कथा...



फाल्गुन माह की पूर्णिमा तिथि की रात्रि में होलिका दहन मनाया जाता है और अगले दिन कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा तिथि को रंगोत्सव नाया जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार होलिका दहन की अग्नि जीवन के सभी दुखों और कष्टों से मुक्ति दिलाती है। अच्छाई पर बुराई की जीत के इस पावन पर्व होली का बड़ा महत्व है। साथ ही हर साल पूरे विधिविधान से होलिका पूजा की जाती है और होलिक दहन भी होता है। हिन्दू पंचांग के अनुसार, आज सुबह 9 बजकर 23 मिनट से पूर्णिमा तिथि का आरंभ हो चुका है, जो कि 25 मार्च को सुबह 11.31 समाप्त होगा। होलिका दहन के दिनभर भद्रा का साया रहने के कारण रात्रि 11.13 मिनट से लेकर रात 12 बजकर 27 मिनट तक होलिका दहन का शुभ मुहूर्त बन रहा है। पौराणिक कथाओं में होलिका दहन मनाए जाने के पीछे प्रभु श्रीहरि विष्णुजी के भक्त प्रहलाद की कहानी का वर्णन किया गया है।

### क्या है होलिका दहन की कथा

होलिका दहन की कथा पर चर्चा करते हुए आचार्य ने बताया कि भगवान विष्णु के परम भक्त प्राद के पिता राक्षसराज हिरणाकश्यप था। जो अपने आप को भगवान मानता था। प्राद को रास्ते से हटाने के लिए वह उसका वध करना चाहता था। जबकि उसकी बहन को आग से नहीं जलने का वरदान था। प्राद को अपने गोद में रखकर आग की धधकती ज्वाला में वह बैठ गई। लेकिन प्रभु की कृपा के कारण होलिका जल गई और विष्णु भक्त प्राद बच गया। पूर्णिमा के रात्रि घटित घटना को लेकर उसी समय से होलिका दहन के बाद रंगों का उत्सव होली उसके दूसरे दिन मनायी जाती है।



# रंगों का त्योहार कर न दे आपकी त्वचा को बेकार, इन टिप्स से रखें स्किन का ख्याल

कुछ ही दिनों में रंगों का त्योहार होली आने वाला है। ऐसे में हर कोई इस त्योहार की तैयारियों में लगा हुआ है। होली हिंदुओं के सबसे रंगीन और उत्साहपूर्ण त्योहारों में से एक है। इसे रंगों के त्योहार के रूप में भी जाना जाता है, जिसे देशभर में धूमधाम से मनाया जाता है। हर साल फाल्गुन मास की पूर्णिमा के दिन होली का त्योहार मनाया जाता है। इसी क्रम में इस साल पूरे देश में सोमवार यानी 25 मार्च को होली मनाई जाएगी। रंगों का त्योहार लोग अक्सर साथ मिलकर मनाते हैं। एक-दूसरे को रंग लगाना हो या मिठाइयां बांटना,होली पूरी तरह से मौज-मस्ती और खुशियों का त्योहार है। होली मनाने के दौरान रंग लगाने की परंपरा काफी पुरानी है। पुराने समय में जहां प्राकृतिक रंगों के साथ यह त्योहार मनाया जाता था, तो वहीं वर्तमान में मिलने वाले रंगों में केमिकल का इस्तेमाल किया जाता है, जो हमारी त्वचा के लिए हानिकारक होते हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल में हम आपको कुछ ऐसी टिप्स बताएंगे, जिनकी मदद से आप अपनी त्वचा को हानिकारक रंगों से बचा पाएंगे।

### स्किन मॉइस्चराइज करें...

अगर आप बिना किसी टेंशन होली एंजॉय करना चाहते हैं,तो रंगों से खेलने से पहले अपनी त्वचा को अच्छी तरह से मॉइस्चराइज कर लें। रंगों के हानिकारक प्रभावों से बचने के लिए मॉइस्चराइजेशन सबसे अच्छा तरीका है। इसके लिए एक अच्छी गुणवत्ता वाला मॉइस्चराइजर लें और इसे अपने चेहरे, हाथों, गर्दन, बांहों और पैरों पर लगाएं। ऐसा करने से आपको न सिर्फ रंगों को छुटाने में होगी, बल्कि त्वचा भी ड्राई नहीं होगी।

### मेकअप को कहें 'न'

अगर आप मेकअप फ्रीक हैं, तो आपको होली का आनंद लेने के लिए एक दिन के लिए मेकअप छोड़ दें। स्किन पर मेकअप लगाने से इसके पोर्स बंद हो सकते हैं और इसकी वजह से दाने, चकत्ते और जलन हो सकती है। इसके अलावा मेकअप के कारण त्वचा से रंगों का उतरना भी मुश्किल हो जाता है।

### सनस्क्रीन लगाएं

अगर आपकी त्वचा सेंसिटिव है, तो होली के दौरान लंबे समय तक धूप में रहने से आपकी त्वचा को नुकसान हो सकता है। ऐसे में किसी भी पिग्मेंटेशन और टैनिंग से बचने के लिए एक अच्छा एसपीएफ सनस्क्रीन लगाएं। इसके लिए UVA और VB ब्लॉकिंग फॉर्मूले वाला वॉटर रेजिस्टेंस वाला सनस्क्रीन बढ़िया होगा।

### तेल भी होगा मददगार

होली के हानिकारक रंग आपकी स्किन में गहराई तक जाकर दाने और अन्य त्वचा संबंधी समस्याएं कर सकते हैं। इसलिए बेहतर होगा कि आप अपनी त्वचा पर तेल लगाएं। तेल लगाने से आपकी त्वचा और रंगों के बीच एक बैरियर पैदा हो जाता है, जिससे हार्ड रंग आपकी त्वचा के अंदर नहीं जाते। आप इसके लिए नारियल या बादाम का तेल इस्तेमाल कर सकते हैं।

### माइल्ड फेस पैक लगाएं...

होली के तीखे रंग आपकी त्वचा पर बुरा असर डाल सकते हैं। इसकी वजह से चकत्ते, रेडनेस, जलन और मुंहासे की समस्या हो सकती है। ऐसे में अगर रंग लगाने के बाद अगर आपको इनमें से कोई समस्या होती है, तो आप कोई माइल्ड फेस पैक लगा सकते हैं। इससे न सिर्फ आपकी त्वचा को आराम मिलेगा बल्कि कोई और नुकसान भी नहीं होगा।



# 7 पकवान होली के जश्न को बना देंगे यादगार

**होली सिर्फ रंगों की मस्ती का त्यौहार ही नहीं है, बल्कि इस दिन जमकर खाने-खिलाने का दौर भी चलता है...घरों में होली के मद्देनजर कई दिनों पहले से ही पकवान बनना शुरू हो जाते हैं...आप भी अगर होली पर अपनों के साथ पार्टी एन्जॉय करते हैं तो इस बार जश्न का मज़ा बढ़ाने के लिए 7 पकवान तैयार कर सकते हैं जो कि न सिर्फ होली का मज़ा बढ़ा देंगे बल्कि खाने वाले भी आपकी चॉइस की तारीफ किए बिना नहीं रह सकेंगे...**

**गुजिया** - होली के मौके पर बनायी जाने वाली गुजिया एक पारंपरिक पकवान है. इसका स्वाद सभी लोगों को काफी पसंद आता है। मावा गुजिया सबसे ज्यादा पसंद की जाती है. कई जगह बिना मावा प्रयोग किए भी गुजिया बनायी जाती हैं। गुजिया को ज्यादातर फ्राई किया जाता है लेकिन कुछ लोग इसे बेक भी कर तैयार करते हैं।

**ठंडाई** - होली के त्यौहार की बात हो और ड्रिंक्स में ठंडाई का जिक्र न हो, ऐसा कैसे हो सकता है। होली के दौरान पारंपरिक तौर पर ठंडाई को बनाकर सर्व किया जाता है। ठंडाई की कई वैराइटीज़ काफी फेमस हैं। इसमें क्लासिक ठंडाई,चॉकलेट ठंडाई, रोज़ ठंडाई, ड्राई फ्रूट्स ठंडाई,मैंगों ठंडाई शामिल हैं। ठंडाई का स्वाद बड़ों के साथ बच्चों को भी पसंद आता है।

**मालपुआ** - देसी घी में तैयार और चाशनी में डूबा मालपुआ देखकर ही कई लोगों के मुंह में पानी आने लगता है। स्वाद में लाजवाब मालपुआ होली सेलिब्रेशन के लिए एक शानदार स्वीड डिश है। मालपुआ एक पारंपरिक भारतीय मिठाई है और इसे किसी खास मौके पर जरूर बनाया जाता है। आप भी इस होली सेलेब्रेशन में अपनी स्वीट डिशेस की लिस्ट में मालपुआ को शामिल



कर सकते हैं.

**दही भल्ले** - दही भल्ले या दही वड़ा को पसंद करने वालों की लंबी फेहरिस्त है। स्नैक्स के तौर पर दही भल्लों को काफी पसंद किया जाता है। होली के रंग में सराबोर होने के बाद दली भल्लों का स्वाद तो मुंह में अलग सा ज़ायका घोल देता है। ये एक आसान रेसिपी है और होली की पार्टी के लिए एक परफेक्ट फूड डिश भी है।

**बादाम फिरनी** - जब मीठे की बात चलती है तो खीर के साथ ही फिरनी का जिक्र भी आ ही जाती है. खीर के मुकाबले ज्यादा गाढ़ापन लिए होती है फिरनी। इसकी कई वैराइटीज़ फेमस हैं। इनमें से एक है बादाम फिरनी जो फेस्टिवल पर खास तौर पर बनायी जाती है। इसे आसानी से तैयार किया जा सकता है. होली के दिन आप भी बादाम फिरनी से सभी का मुंह मीठा करा सकते हैं।

**पकोड़ा** - होली पर पकवानों की बात जब चलती है तो मीठे के साथ नमकीन में पकोड़े भी मुंह में पानी ले आते हैं। पकोड़े कई तरह से बनाए जाते हैं आलू पकोड़ा, पालक, तुरई पकोड़ा आदि काफी पसंद किए जाते हैं। कई घरों में तो होली के मौके पर भांग के पकोड़े भी खाए जाते हैं। होली सेलिब्रेशन का मज़ा दोगुना कर देते हैं घर के बने पकोड़े।

**रसमलाई** - हमारे यहां का कोई भी फेस्टिवल बंगाली मिठाइयों के बिना अधूरा सा रहता है। बंगाली मिठाइयों में सबसे ज्यादा लोकप्रिय रस मलाई है और आप होली के खास मौके के लिए रसमलाई से अपनों का मुंह मीठा करा सकते हैं. सभी उम्र के लोगों के बीच रसमलाई काफी लोकप्रिय है।

# होली त्यौहार की तैयारी लोगों ने की पूरी

# आज रंगों में सराबोर होंगे लोग



## होली के त्यौहार को लेकर रंगों व मिष्ठानों का बाजार रहा गुलजार

## होली त्यौहार को की तिथि व समय को लेकर लोगों के मन में दिखा संशय,होलिका दहन की तिथि और समय को लेकर बना रहा असमंजस

## शुभ मुहूर्त पर हुआ होलिका दहन, धुरेड़ी सोमवार को, फगुहारों की टोली ने किया फाग गीत का गायन

### होली गीतों की गूंज

शुभ मुहूर्त में होलिका दहन होने के बाद लोगों ने एक-दूसरे को रंग गुलाल लगाकर जहां पर्व की शुभकामनाएं दी वहीं होलिका दहन के साथ ही होली का हुडदंग शुरू हो गया। होली के गीत 'होली खेले रघुवीरा अवध में, होली खेले रघुवीरा, हिल मिल आवे लोग लुगाई, भई मलहन में बीरा अवध में होली खेले रघुवीरा'। गूंजने लगे।

### बच्चों ने एक दिन पहले शुरू की होली

होली के पर्व को लेकर बच्चे इतने ज्यादा उत्साहित है कि उन्हें सुबह षाम होली खेलने की चिंता सताने लगी है जिसे लेकर घरो में रोना धोना करते नजर आ रहे थे आखिर कई जगह बच्चों ने होली दहन से पूर्व होली खेलना शुरू कर दिये थे। बच्चों की मस्ती होली को और मजेदार बना रही है।

### रंग पंचमी का पर्व शुरू

होलिका दहन के बाद रंग पंचमी का पर्व षुरू हो गया है। पांच दिनों तक चलने वाले रंग पंचमी महोत्सव में प्रेम और भई-चारा दिखेगा। बुजुर्गों का कहना है कि होली ऐसा पर्व है जब सभी पुराने बाद-विवादों को छोड़कर लोग गले मिलते हैं और यह पर्व भईचारे को कायम करते हुए विवाद का विनाषक पर्व भी माना गया है।

### बंद रहेंगी मदिरा दुकानें

होली पर्व के अवसर पर 25 मार्च को जिले की समस्त मदिरा दुकाने बंद रहेंगी। होली के दिन लोक शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए को देशी व विदेशी मदिरा दुकानें पूर्णतः बंद रहेगी।

### शंतिति समिति की बैठक

जिले के सभी थान व पुलिस सहायता केन्द्र में शांति समिति की बैठक भी आयोजित की कई, जिसमें थाना प्रभारी ने बैठक में उपस्थित सभी लोगों से आपसी भाई चारे एवं सौहार्द्र के साथ मनाए जाने को लेकर अपने विचार प्रकट किए, जिसमें होली के पर्व को लेकर चंदा वसूली नहीं करने और किसी प्रकार के जहरीले एवं रासायनिक केमिकलों को प्रयोग नहीं करने की बात कही गई, इसके साथ ही कटकोना,पाण्डवपारा व पटना वासियों से होली षांती पूर्वक मनाने की अपील की गई।

### असामाजिक तत्वों पर रहेगी पैनी नजर

होली को लेकर थाने में अतिरिक्त बल आ चुका है ताकि शराब माफिया, शराबियों सहित अन्य असामाजिक तत्वों पर नजर रखी जाए, हुड़दंगी व शराब पीकर उत्पात मचाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाएगी। जिसको लेकर होलिका दहन के पहले से ही पुलिस द्वारा सर्चिंग शुरू कर दिया गया है ताकि क्षेत्रवासी षांती पूर्वक होली का पर्व मना सकें।

-रवि सिंह-
कोरिया,24 मार्च 2024
(घटती-घटना)।

कोरोना वैश्विक महामारी के बाद यह दूसरा वर्ष होगा जब लोग खुलकर रंगों का त्योहार होली मनाएंगे और एक दूसरे को रंग लगाएंगे और आपसी प्रेम और भाईचारे के इस पर्व को जब एक ही रंग में लोग रंग जाते हैं उत्साह के साथ मनाएंगे। होली पर्व वैसे तो हिंदी कैलेंडर के अनुसार फाल्गुन मास की पूर्णिमा तिथि को मनाया जाता है वहीं यह त्यौहार कई दिनों तक लोग मानते हैं जिसमे यह होलिका दहन से आरंभ होकर आगे कई दिनों तक मनाया जाता रहता है और लोग क्षेत्र अनुसार इसे अलग अलग दिनों तक मनाते रहते हैं। कोरिया जिले में तो एक गांव ऐसा भी है जहां एक हफ्ते पूर्व ही यह त्योहार मना लिया जाता है और होली त्योहार के दिन होली नहीं मनाया जाता वहां लेकिन अन्य जगह फाल्गुन मास की पूर्णिमा तिथि को ही यह त्योहार मनाया जाता है और इसी दिन लोग एक दुसरे को रंग लगाते हैं और इस तरह आपस में एक ही रंग में वह रंग भी जाते हैं। होली के दिन घर पर ही पुए पकवान नमकीन मिठाई इत्यादि बनाए जाने का विधान है या नियम है वहीं दही बड़े और पुए सहित भांग की बर्फी या शरबत इस दिन का विशेष खानपान है। लोग इस दिन को बड़े उत्साह से मनाते देखे जाते हैं और इस दिन रंगों के अलावा खाने पीने का ही विशेष महत्व रहता है और हर जगह और घर घर लोग उत्साह में नजर आते हैं। होली पर्व की शुरुआत होलिका दहन से होती है जो एक दिन पूर्व की जाती है वहीं होलिका दहन उपरांत स्नान कर ही होली खेलने का नियम है जो लोग पालन करते भी नजर आते हैं।



इस वर्ष होलिका दहन की तिथि और समय को लेकर संशय की स्थिति थी और अलग अलग जगह अलग अलग समय होलिका दहन का समाने आ रहा था लेकिन अंत में 10 बजकर 27 मिनट का रात का समय रविवार का तय हुआ जो सही पाया गया और उसी दिवस और समय फिर होलिका दहन हुआ। एक दिन पूर्व लोग बाजारों में भी नजर आए और उन्हे रंग अबीर पिचकारी सहित मुखौटा एवम कई तरह के बाजे खरीदते देखा गया वहीं मिष्ठान की भी खरीदी लोगों ने की और होली बेहतर तरीके से मनाने सभी ने अपने अपने स्तर से खरीददारी की। रविवार को वैदिक परंपरा के अनुसार की रात 7 बजे होलिका दहन शुभ मुहूर्त में किया गया इस शुभ मुहूर्त पर क्षेत्रवासियों द्वारा उत्साह व उमंग के साथ बैकुन्ठपुर पटना, कटकोना, पाण्डवपारा,डुमरिया,रनई सहित कई जगह होलिका दहन की गई, वहीं आज सोमवार को सभी क्षेत्रवासी धुरेड़ी की तैयारी में है। होली के त्योहार का इंतजार खत्म हुआ रंगों के इस त्योहार को लेकर लोगों ने जमकर खरिदारी की और तैयारियों में जुटे रहे। बच्चे रंग और गुलाल खरीदने में व्यस्त देखे गए वहीं बुजूर्ग खाद्य सामाग्री व सब्जी खरीदते हुए दिखे। बाजार में सुबह से ही चहल-पहल देखने को मिली। लोगों ने होली के लिए पिचकारी सहित कम केमीकल वाले रंग खरीदने में व्यस्त दिखे। वहीं बच्चे ब्रांन्डेड व लंबे समय तक न छुटने वाले रंगों को लेकर एक दूसरे दुकानों में घूमते नजर आए।

### घरों में दिनभर बनेंगे मिष्ठान और पकवान

लोगों के घरों में आज दिनभर मिष्ठान और पकवान बनते रहने वाले हैं और लोग घर पर बनी मिठाइयां ही ज्यादा खाने वाले हैं। गुजिया,पुए,और दही बड़े आज घर घर के व्यंजन होंगे। लोगों ने पहले से ही तैयारी कर ली है। वैसे लोगों ने बाजार से भी मिष्ठान की खरीददारी कर ली है और घर पर भी उनकी तैयारी है इस तरह वह दो दो तरह से मिष्ठान का मजा लेने वाले हैं आज दो देखने को मिलने वाला है। होली के दिन घर आने वालों को घर पर बनी मिठाइयों सहित पकवानों का लुफ्त प्रदान करना ही हर किसी का उद्देश्य होता है जो देखने को मिलता रहा है आगे भी देखने को मिलने वाला है।

### प्रशासन सहित पुलिस अलर्ट स्थिति में

जिले में प्रशासन और पुलिस अलर्ट स्थिति में है। फ्लैग मार्च करके पुलिस ने जता दिया है की गड़बड़ी होने पर वह त्वरित निर्णय लेने में कोई हिचक नहीं दिखाने वाले और निश्चित कार्यवाही उनकी तरफ से किया जायेगा। प्रशासन सहित पुलिस ने कई बिंदुओं का एक निर्देश जारी कर दिया है जिसका पालन आम लोगों के लिए जरुरी है और पालन नहीं किए जाने पर कार्यवाही होना तय है। वाहन तेज गति से चलाने,शराब पीकर चलाने ,डीजे बजाने,जबरन रंग लगाने, सहित कई मामलों में पुलिस कार्यवाही करेगी शांति भंग मानकर यह उसके द्वारा बता दिया गया है। होली सहित आदर्श आचार संहिता के मद्देनजर यह निर्देश कड़ाई से पालन करने निर्देश जारी हैं

### होलिका दहन को लेकर भी बना रहा असमंजस,अलग-अलग समय और तिथि से लोग होते रहे दिग्भ्रमित

इस वर्ष होली पर्व के एक दिन पूर्व होने वाले होलिका दहन को लेकर भी असमंजस नजर आया,समय तिथि क्या होगी यह अंत तक स्पष्ट नहीं था,वैसे अंत में 10 बजकर 27 मिनट रात का समय दिन रविवार दिनांक 24 मार्च का तय हुआ और उसी समय होलिका दहन किया गया। भद्रा के कारण होलिका दहन को लेकर समय को लेकर संशय बना रहा वहीं बाद में यह माना गया की चूंकि भ्रद्रा का असर नहीं पड़ रहा इसलिए एक दिन पूर्व होलिका दहन किया जा सकता है और अंत में हुआ भी वही और फिर 10 बजकर 27 मिनट रात में होलिका दहन किया गया।

### चंद्रग्रहण का भी योग,भारत में नहीं होगा इसका असर




इस साल होली का त्योहार 25 मार्च को पड़ा है। इस साल होली के दिन हिंदू पंचांग के अनुसार चंद्रग्रहण भी लगने वाला है। चंद्र ग्रहण शुरू होने से लगभग 9 घंटे पहले सूतक काल लग जाता है. चूंकि यह चंद्र ग्रहण भारत में नहीं दिखाई देगा, इसलिए इसका सूतक काल भी मान्य नहीं है। हर साल फाल्गुन माह के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि की रात होलिका दहन होता है, फिर अगले दिन रंग वाली होली खेली जाती है, इस साल होली का त्योहार 25 मार्च को मनाया जाएगा. हिंदू पंचांग के अनुसार, इस बार होली के दिन साल का पहला चंद्र ग्रहण भी लगने वाला है। ज्योतिष गणना के मुताबिक, यह चंद्र ग्रहण कन्या राशि में लगेगा,यह एक उपच्छाया चंद्र ग्रहण होगा, आइए जानते हैं कि यह चंद्र ग्रहण कहां-कहां दिखेगा और भारत में इसका सूतक काल मान्य होगा या नहीं।

### कब लगेगा चंद्र ग्रहण ?

साल का पहला चंद्र ग्रहण सोमवार, 25 मार्च को होली के दिन लगेगा. यह चंद्र ग्रहण सुबह 10 बजकर 24 मिनट से लेकर दोपहर 03 बजकर 01 मिनट तक रहेगा। यानी चंद्र ग्रहण की कुल अवधि 4 घंटे 36 मिनट की होगी।

### क्या भारत में दिखेगा चंद्र ग्रहण ?

खगोलविदों की मानें तो होली के दिन लगने वाला चंद्र ग्रहण भारत में दृश्यमान नहीं होगा. यह चंद्र ग्रहण उत्तर-पूर्व एशिया, यूरोप, ऑस्ट्रेलिया,अमेरिका,जापान,रूस,आयरलैंड, इंग्लैंड, स्पेन, पुर्तगाल, इटली, प्रशांत, अटलांटिक और आर्कटिक महासागर जैसी जगहों से दिखाई पड़ेगा।

# एसईसीएल कुसमुंडा से डीजल चोरी करने वाला आरोपी हुआ गिरफ्तार

-संवाददाता-
कोरबा,24 मार्च 2024
(घटती-घटना)।



एसपी सिद्धार्थ तिवारी द्वारा क्षेत्र में अवैध डीजल एवं कबाड़ के विरुद्ध सख्त कार्यवाही के संबंध में दिए गए निर्देशों के परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यूबीएस चौहान व नगर पुलिस अधीक्षक रविंद्र सिंह मीणा के मार्गदर्शन पर थाना प्रभारी कुसमुंडा द्वारा अपने मातहत कर्मचारियों के साथ डीजल चोरों पर ताबड़तोड़ कार्रवाई की गई।

इस कड़ी में दिनांक 23/03/24 को रात्रि में एसईसीएल कुसमुंडा में पेट्रोलिंग में लगे सुरक्षा प्रभारी के द्वारा सूचना दिया गया कि एसईसीएल कुसमुंडा खदान कोल स्टाफ 25 में डोजर से डीजल चोरी कर कैंपर से भाग रहे हैं की सूचना पर थाना कुसमुंडा के पुलिस स्टाफ के द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर घेराबंदी का एसईसीएल के सुरक्षा में लगे कर्मचारियों के साथ कैंपर वाहन क्रमांक सीजी 12 बीके 4163 एवं कैंपर में 08 जरीकेंन में भरा 280 लीटर डीजल मिला दो आरोपियों को रंगे हाथ पकडा गया जिनोन अपना नाम 1.देवानंद पिता अंजोर साय उम्र 19 वर्ष सा, किशोरा थाना बलौदा जिला जांजगीर चांपा 2.आकाश राय यादव पिता सुशील यादव उम्र 23 वर्ष सा, अयोध्यापुरी जमींपाली थाना दर्री का रहने वाला बताया है । आरोपियों के कब्जे से एक कैंपर वाहन कीमती 5,00000/ एवं 08 जरीकेंन में भरा 280 लीटर डीजल कीमती 25000 रुपए को जप्त किया गया । प्रकरण में चोरी के संबंध में प्राथी कृष्ण प्रसाद सुरक्षाकर्मी प्रभारी एसईसीएल कुसमुंडा के रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 142/24 धारा 379,34 आईपीसी के तहत कार्यवाही किया गया है । आरोपियों ने अपने मेमोरेंडम कथन में अन्य आरोपियों के साथ घटना घटित करना बताने पर आरोपी जयप्रकाश खरे निवासी बरपाली मोहल्ला गेवरा बस्ती को मामले में गिरफ्तार कर उक्त सभी आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक रूपक शर्मा, सहायक उप निरीक्षक रफीक खान, प्रधान आरक्षक 144 रंजन देवांगन, आरक्षक 604 त्रिलोचन सागर, आरक्षक 608 विष्णु पाटले व आरक्षक 606 विवेक सागर की मुख्य भूमिका रही।



# विधायक निवास में होली मिलन समारोह का आयोजन फाग गीतों में झूमे लोग

-संवाददाता-
लखनपुर,24 मार्च 2024
(घटती-घटना)।

विधायक राजेश अग्रवाल के निवास लखनपुर में 24 मार्च दिन रविवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया था साथ ही विधायक निवास के सामने फाग गीतों के कार्यक्रम भी रखा गया था । होली मिलन समारोह कार्यक्रम में आने वाले जनप्रतिनिधियों पत्रकारों नागरिकों को विधायक राजेश अग्रवाल ने गले मिल रंग गुलाल लगाकर होली त्यौहार की बधाई और शुभकामनाएं दी तो वही आने वाले लोगों के लिए जलपान की व्यवस्था की गई थी। होली मिलन समारोह में कलाकारों के द्वारा फाग गीतों की मनमोहक प्रस्तुति दी गई होली मिलन समारोह में आए लोगों के द्वारा फाग गीतों का लुप्त उठाया गया।

# कोरबा लोकसभा की भाजपा प्रत्याशी सरोज पांडेय ने किया पैदल जनसंपर्क

-संवाददाता-
कोरबा,24 मार्च 2024
(घटती-घटना)।



कोरबा,लोकसभा क्षेत्र की भाजपा सांसद प्रत्याशी डॉ सरोज पांडेय निहारिका और मुख्य मार्ग कोरबा में जनसंपर्क पर निकली। सड़क किनारे ठेला-गुमटी वालों से लेकर बड़ी-बड़ी दुकानों और शो रूम सहित क्षेत्र के आम नागरिकों से मुलाकात और हालचाल जानकर भाजपा को जिताने की अपील की। घंटाघर के पास ठेला-गुमटी वालों से भी सह्दयता पूर्वक मिली और युवतियों से हाथ मिलाकर अपील किया ।

उन्होंने कहा की देश में प्रधानमंत्री के रूप में फिर से नरेंद्र दामोदर भाई मोदी को लाना है, और देश को और आगे बढ़ाना है। जब सरोज पांडेय युवतियों से,ठेला-गुमटी चलाने वाली महिलाओं से हाथ मिलाते हुए आगे बढ़ रहीं थीं, तो पीछे से महिलाएं और युवती कहती नजर आयीं कि कितनी सुंदर हैंज। देवी जैसी दिखती हैंज्उनका आभामंडल देवताओं जैसा चमक रहा हैज, लेकिन न तो उनके चेहरे में दम्भ दिखा न ही घमंड। सरोज पांडेय इसके बाद चौपाटी भी पहुंची और सभी से मिलकर सहजता के साथ जिताने की अपील की। कार्यकर्ताओं द्वारा मोदी की गारंटी का पाम्पलेट भी बांटा गया। सरोज पांडेय के साथ केबिनेट मंत्री लखनलाल देवांगन भी लोगों से कमल खिलाने की अपील की और कहा कि इस बार सरोज पांडेय दीदी को ऐतिहासिक मतों से जिताएं और देश में फिर से भाजपा की सरकार बनाएं। इस पैदल रैली- जनसंपर्क के दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता देवेन्द्र पांडेय, पूर्व महापौर जोगेश लांबा, भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ.राजीव सिंह, निगम में नेता प्रतिपक्ष हितानंद अग्रवाल,रामनारायण सोनी,नरेंद्र पाटनवार सहित बड़ी संख्या में महिला मोर्चा के सदस्य उपस्थित थे। रैली की शक्ल में निकला जनसंपर्क में भाजपा का झंडा लेकर कार्यकर्ता चल रहे थे।

# पोस्टरों में विद्यार्थियों ने उकेरी लोकतंत्र को मजबूत बनाने की तस्वीर

-संवाददाता-
कोरबा,24 मार्च 2024
(घटती-घटना)।




कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत वसंत के मार्गदर्शन में महाविद्यालयीन छात्र-छात्राओं द्वारा स्वीप की गतिविधियां संचालित कर मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। इसी कड़ी मे शासकीय इं. वि. स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम अंतर्गत स्वीप पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें एम एस सी केमिस्ट्री की छात्रा मौसमी सोम ने प्रथम स्थान, एम एस सी जूलॉजी की छात्रा विमलेश ने द्वितीय स्थान एवं एम एस सी जूलॉजी की गुलशन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालयीन स्वीप नोडल अधिकारी एवं प्राध्यापक बलराम कुर्रे ने पोस्टर मेकिंग हेतु दिशा निर्देश देते हुये कहा कि जिन्होंने 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर ली है ,जो युवा मतदाता है वे निश्चित रूप स्वयं मतदान करें एवं विभिन्न माध्यमों से परिवार एवं समाज के मतदाताओं को मतदान हेतु जागरूक कर निर्वाचन आयोग के लक्ष्य को सफल बनावें तथा अपना एवं देश की विकास में भागीदार बनें।प्राचार्य के द्वारा समस्त छात्र-छात्राओं से मतदान की प्रक्रिया में ,मतदान के त्यौहार में अपनी भागीदारी एवं शत प्रतिशत मतदान करने के लिए आग्रह किया गया।

**न्यायालय तहसीलदार नजूल, अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ0ग0)**

रा.प्र.क्र. /अ-20(1)/2023-24

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदिका श्रीमती श्वेता सिन्हा प्रति अनिल सिन्हा, निवासी मोहल्ला चोपड़ापारा,अम्बिकापुर जिला सरगुजा द्वारा मोहल्ला चोपड़ापारा नावापारा रोड, नगर अम्बिकापुर स्थित शासकीय नजूल भू-खण्ड क्रमांक 61/1 के अंश भाग 15 डिसमिल भूमि को स्थाई लीज पट्टा पर भूमि आबंटन करने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से पेशी दिनांक 30/03/2024 तक न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। समय सीमा के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेंगा।

आज दिनांक 14/03/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

सील

तहसीलदार नजूल
अम्बिकापुर

CMYK

## संक्षिप्त खेल समाचार

### चेन्नई में होगा आईपीएल फाइनल



**मोटेरा में होंगे दो नॉकआउट मैच**

नई दिल्ली, 24 मार्च 2024। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) सूत्रों के अनुसार इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) का फाइनल संभवत 26 मई को चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में खेला जायेगा। पता चला है कि अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में एक क्वालीफायर और एक एलिमिनेटर आयोजित किया जायेगा जबकि दूसरा क्वालीफायर चेन्नई में होगा।

बीसीसीआई के एक सीनियर अधिकारी ने पीटीआई से कहा, ''आईपीएल संचालन परिषद ने पिछले साल के गत चैम्पियन (चेन्नई सुपर किंग्स) के घरेलू मैदान पर शुरुआती मैच और फाइनल आयोजित करने की परंपरा का पालन किया है। ''

बीसीसीआई ने आम चुनाव की तारीखों को ध्यान में रखते हुए आईपीएल के शेष मैचों के कार्यक्रम को अंतिम रूप दे दिया है और जल्द ही इसे जारी किया जाएगा।

### मुंबई के क्रिकेटरों को 2024-25 सीजन से 100 प्रतिशत वेतन वृद्धि मिलेगी

**मुंबई,24 मार्च2024।**ईएसपीएन क्रिकइन्फो के अनुसार, मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन (एमसीए) रविवार को 2024-25 सीज़न से अपने वरिष्ठ पुरुष क्रिकेटरों को 100 प्रतिशत वेतन वृद्धि देने पर सहमत हुआ। एमसीए की हालिया शीर्ष परिषद की बैठक में इस फैसले को मंजूरी दी गई। ईएसपीएन क्रिकइन्फो के अनुसार, यह सीजन के दौरान खिलाड़ी की कमाई को प्रभावी ढंग से दोगुना कर देगा। वर्तमान में, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) अपने क्रिकेटरों को वरिष्ठ पुरुष स्तर पर तीन स्तरों पर भुगतान करता है। 40 से अधिक प्रथम श्रेणी मैच खेलने पर खिलाड़ी प्रतिदिन 60,000 रुपये कमाते हैं। वहीं, 21-40 मैच खेलने वाले क्रिकेटर एक दिन में 50,000 रुपये कमाते हैं। जो खिलाड़ी 20 से कम प्रथम श्रेणी खेलों में शामिल हुए हैं, वे प्रतिदिन 40,000 रुपये कमाते हैं। नए फैसले के बारे में बात करते हुए एमसीए के अध्यक्ष अमोल काले ने कहा कि खिलाड़ी को अधिक कमाई करनी चाहिए. उन्होंने कहा कि विशेषकर जो रणजी ट्रॉफी खेलते हैं उन्हें अधिक कमाई करनी चाहिए।

# केकेआर ने एसआरएच को 4 रन से हराया

» राणा ने क्लासेन की तूफानी पारी रोकी,

» आईपीएल 2024

**कोलकाता,24 मार्च 2024।** यहां के ईडन गार्डन्स में शनिवार को (आईपीएल) 2024 के तीसरे मैच में हर्षित राणा ने अंतिम ओवर में हेनरिक क्लासेन (29 गेंदों पर 63 रन) की तूफानी पारी रोक दी, जिससे कोलकाता नाइट राइडर्स ने इंडियन प्रीमियर लीग के सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ चार रन से रोमांचक जीत हासिल की।यह याद रखने लायक एक रोमांचक आखिरी गेंद थी, क्योंकि क्लासेन ने एसआरएच को हार के कगार से लगभग खींच लिया था। क्लासेन और शाहबाज़ अहमद ने अगले दो ओवरों में 21 और 26 रन बनाकर छह गेंदों पर 13 रन बनाए। उन्होंने आखिरी पांच ओवरों में 81 रन बनाए और अपने शानदार स्ट्रोकप्ले से हलचल बढ़ा दी।

क्लासेन ने राणा की पहली गेंद पर छक्का जड़ा और जब पांच गेंदों में सात रन की जरूरत थी, तब उन्होंने एक रन लिया, मगर शाहबाज अहमद श्रेयस अय्यर के हाथों कैच आउट हो गए। मार्को जेनसन ने एक रन लिया और क्लासेन को स्ट्राइक देकर छक्का जड़कर जीत पक्की कर दी। सुयश शर्मा ने क्लासेन को आउट करने के लिए शॉर्ट थर्ड पर शानदार कैच लपका, जिससे कोलकाता नाइट राइडर्स ने रोमांचक जीत हासिल की।



एसआरएच ने 20 ओवर 204/7 पर खत्म किए और चार रन कम पड़ गए। उन्होंने केकेआर के 208/7 का शानदार पीछा करते हुए आंद्रे रसेल की 25 गेंदों में नाबाद 64 और फिल साल्ट की 54 रन की पारी खेली।

लक्ष्य का पीछा करते हुए सनराइजर्स हैदराबाद ने अच्छी शुरुआत की और मयंक अग्रवाल और अभिषेक शर्मा ने पहले विकेट के लिए 60 रन जोड़े। एसआरएच ने पावर-प्ले में 65 रन बनाए। अग्रवाल सबसे पहले आए। उन्होंने 21 गेंदों में 32 रन बनाए और रिंकू सिंह की गेंद पर चौका लगाया। अभिषेक शर्मा भी 19 गेंदों में 32 रन बनाकर आंद्रे रसेल की गेंद पर वरुण चक्रवर्ती के हाथों कैच आउट हो गए। राहुल त्रिपाठी (20 में से 20), एडेन मार्कराम (13 में से 18) और अब्दुल समद (11 में से 15) ने शुरुआत की, लेकिन इसे बड़े स्कोर में नहीं बदल सके, क्योंकि कोलकाता नाइट राइडर्स ने शॉर्ट बॉल का अच्छा इस्तेमाल किया। मैदान में उन्होंने कुछ अच्छे कैच लपके और 17 वें ओवर में उनका स्कोर 145/5 हो गया।

लेकिन हेनरिक क्लासेन ने छक्कों की बौछार कर दी और शाहबाज अहमद के साथ मिलकर जीत के लिए अप्रत्याशित आक्रमण शुरू कर दिया।

आखिरी तीन ओवरों में 60 रनों की जरूरत थी, क्लासेन ने वरुण चक्रवर्ती की गेंद पर दो छक्के लगाए और शाहबाज ने एक छक्के की मदद से 18वें ओवर में 21 रन बनाए।

अगले ओवर में क्लासेन ने मिडवीक क्षेत्र में मिचेल स्टार्क की गेंद पर दो छक्के और कवर पर तीसरा छक्का लगाया, जबकि शाहबाज ने डीप बैकवर्ड स्क्वायर पर ऑस्ट्रेलियाई पेसर को स्वाइप करके 26 रन बनाए, जबकि एसआरएच को अंतिम छह गेंदों पर 13 रन चाहिए थे।

क्लासेन ने हर्षित राणा की पहली ही गेंद पर जोरदार छक्का जड़ा, लेकिन गेंदबाज ने शानदार ओवर फेंककर शादाब अहमद और क्लासेन को वापस भेज दिया और कोलकाता नाइट राइडर्स को चार रन से जीत दिला दी।

संक्षिप्त स्कोर =

कोलकाता नाइट राइडर्स ने 20 ओवर में 208/7 (आंद्रे रसेल 64 नाबाद, फिल साल्ट 54, रमनदीप सिंह 35, टी. नटराजन 3-32, मयंक मार्कंडेय 2-39) ने सनराइजर्स हैदराबाद को 20 ओवर में 204/7 (हेनरिक क्लासेन 63) , अभिषेक शर्मा 32, मयंक अग्रवाल 32; हर्षित राणा 3-33, आंद्रे रसेल 2-25) चार रनों से।

# हर्षित राणा-रसेल और क्लासेन के प्रदर्शन से प्रभावित हुए सचिन

**कोलकाता,24 मार्च2024।** भारत के महान पूर्व बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर कोलकाता नाइट राइडर्स और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच आईपीएल 2024 के रोमांचक मुकाबले से प्रभावित हुए। उन्होंने हर्षित राणा की अंतिम ओवर की प्रशंसा की, साथ ही केकेआर के आंद्रे रसेल और एसआरएच के हेनरिक क्लासेन की अद्भुत पारियों की भी सराहना की।

हर्षित राणा ने अंतिम ओवर में 13 रनों का बचाव किया और रसेल के शानदार ऑलराउंडर प्रदर्शन ने कोलकाता नाइट राइडर्स को कोलकाता के ईडन गार्डन्स में एक रोमांचक मुकाबले में सनराइजर्स पर रोमांचक जीत दिलाई।

सचिन ने एक्स पर लिखा, हमने रसेल और क्लासेन की दो अद्भुत पारियां देखीं।



फिल साल्ट ने अच्छी शुरुआत दी, उसके बाद रसेल ने कुछ शानदार पावर हिटिंग की। हेनरिक क्लासेन ने सुनिश्चित किया कि सनराइजर्स हैदराबाद लक्ष्य के करीब पहुंचे, लेकिन अंतिम ओवर में हर्षित राणा की दमदार गेंदबाजी ने मैच को पलट दिया। जहां उन्होंने सेट बल्लेबाज क्लासेन को पवेलियन भेजा।रसेल की तूफानी पारी की मदद से केकेआर 208/7 के मजबूत स्कोर तक पहुंची।क्लासेन की पारी ने लगभग हैदराबाद की जीत पक्की कर दी थी लेकिन हर्षित राणा ने शादाब अहमद और क्लासेन को पवेलियन वापस भेजकर केकेआर को रोमांचक मुकाबले में जीत दिला दी।कोलकाता की ओर से हैदराबाद के सामने 209 रनों का लक्ष्य रखा गया। जवाब में, हैदराबाद ने 20 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 204 रन बनाए और मुकाबला गंवा दिया।

# अल्काराज,सिनर,मेदवेदेव शुरूआती मैच जीते

**फ्लोरिडा,24 मार्च 2024।** कार्लोस अल्काराज़ ने साथी स्पेनिश रॉबर्टो कारबालेस बेना के 31वें जन्मदिन का जश्न 6-2, 6-1 से मुकाबला जीतकर खराब कर दिया। अल्काराज़ सात मैचों की जीत की लय में है, और उसे पिछले 11 मैचों में किसी स्पैनियार्ड ने नहीं हराया है - ऐसा करने वाला आखिरी खिलाड़ी 2022 इंडियन वेल्स सेमीफाइनल में राफेल नडाल थे। 20 वर्षीय खिलाड़ी का अगला मुकाबला अनुभवी फ्रांसीसी खिलाड़ी गाएल मोंफिल्स से होगा, जिन्होंने फॉर्म में चल रहे ऑस्ट्रेलियाई जॉर्डन थॉम्पसन को 6-7 (3-7), 6-1, 6-2 से हराया। स्पैनियार्ड मियामी में आश्वस्त है, जहां उसने अपना पहला मास्टर्स 1000 खिताब जीता था। अल्काराज़ अब टूर्नामेंट में 11-2 से आगे है। इससे पहले, दुनिया के तीसरे नंबर के इटालियन जानिक सिनर को मियामी ओपन में शुरुआती जीत हासिल करने के मौके के लिए रात भर इंतजार करना पड़ा था। दूसरे वरीय ने सुनिश्चित किया कि शनिवार को हार्ड रॉक स्टेडियम में इंतजार करना सार्थक रहा, जहां उन्होंने अपने ही देश के एंड्रिया वावसोरी को 6-3, 6-4 से हराया। इंडियन वेल्स सेमीफाइनल में अल्काराज़ द्वारा 2024 सीजन में अपनी 16-जीत की शुरुआत को तोडने के बाद मियामी पहुंचने पर, सिनर ने तीसरे दौर में पहुंचने के लिए अपने देश के खिलाड़ी के खिलाफ 80 मिनट में जीत पूरी की। मैच शुक्रवार को वावसोरी के 2-3, 40/40 पर सर्विस करने के समय निलंबित कर दिया गया था और सिनर ने 4-2 की बढ़त के साथ फिर से शुरू होने पर तुरंत अपनी चाल चली। इटालियन के अगले प्रतिद्वंद्वी नीदरलैंड के टैलोन ग्रिक्सपुर हैं,जिसे उन्होंने पिछले तीनों मुकाबलों में हराया है। इस बीच, दानिल मेदवेदेव ने ग्रैंडस्टैंड पर हंगरी के मार्टन फुकसोविक्स को 1 घंटे और 19 मिनट में 6-4, 6-2 से हराकर अपने खिताब की रक्षा में मजबूत शुरुआत की। यह मैच शुक्रवार को स्टेडियम कोर्ट पर फीचर नाइट मैच के रूप में निर्धारित किया गया था लेकिन बारिश के कारण रद्द कर दिया गया। लेकिन दोपहर की स्थिति और ग्रैंडस्टैंड कोर्ट में स्विच करने से वर्ल्ड नंबर 4 के लिए कोई बाधा नहीं आई, उसने अपने पहले सर्व पॉइंट में से 81 फीसदी अंक जीते थे। मेदवेदेव अपने करियर में पहली बार किसी खिताब का सफलतापूर्वक बचाव करने का प्रयास कर रहे हैं। 28 वर्षीय खिलाड़ी ने 20 अलग-अलग खिताब जीते हैं, जिनमें 18 हार्ड कोर्ट पर शामिल हैं। उनका अगला मुकाबला 30वें नंबर के कैमरून नोरी से होगा, जिन्होंने 21 वर्षीय इतालवी फ्लेवियो कोबोली को 7-5, 6-7(4), 6-2 से हराया। नंबर 10 सीड ग्रीस के स्टेफानोस सितसिपास को कनाडा के डेनिस शापोवालोव ने 2-6, 4-6 से हरा दिया।



# केकेआर के हर्षित राणा पर मैच फीस का 60 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया

**कोलकाता,24 मार्च2024।**कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के तेज गेंदबाज हर्षित राणा पर रविवार को प्रतिष्ठित ईडन गार्डन्स में सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के खिलाफ अपने आईपीएल डेब्यू के दौरान आईपीएल आचार संहिता का उल्लंघन करने के लिए मैच फीस का 60 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया। आईपीएल ने एक बयान जारी कर पुष्टि की कि राणा पर उनकी मैच फीस का 60 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। कोलकाता नाइट राइडर्स के गेंदबाज हर्षित राणा पर 23 मार्च को कोलकाता के ईडन गार्डन्स में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ उनकी टीम के टाटा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 मैच के दौरान आईपीएल आचार संहिता का उल्लंघन करने के लिए मैच फीस का कुल 60 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। ÷आईपीएल ने कहा। बयान में कहा गया है कि 22 वर्षीय खिलाड़ी ने ÷आईपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.5 के तहत लेवल 1 के दो अपराध÷ किए हैं। ÷राणा ने आईपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.5 के तहत लेवल 1 के दो अपराध किए। उन पर दो संबंधित अपराधों के लिए उनकी मैच फीस का 10 प्रतिशत और 50 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया। राणा ने दो अपराधों को स्वीकार किया और मैच रेफरी की मंजूरी स्वीकार कर ली। लेवल के लिए आचार संहिता का उल्लंघन, मैच रेफरी का निर्णय अंतिम और बाध्यकारी है,÷ यह जोड़ा गया।



# यूएई टीम एमिरेट्स पोगाकर ने कैटलन पहाड़ों में फिर से हमला किया

**कैटेलोनिया,24 मार्च2024।** यूएई टीम एमिरेट्स के ताडेज पोगाकर ने एकल चाल की बदौलत वोल्टा ए कैटालुन्या (बर्गा-क्वेराल्ट, 154.7 किमी 5 जीपीएम और समिट फिनिश के साथ) के क्वीन स्टेज पर अपना दबदबा बनाया। उनकी चौथी मौसमी जीत और दौड़ के सामान्य वर्गीकरण में उनके नेतृत्व को मजबूत किया। यूएई टीम एमिरेट्स ने चरण के पहले भाग में दौड़ को नियंत्रित करने के बाद , स्लोवेनियाई प्रतिभा ने आगमन से 29 किमी पहले हमला किया, जब कोलाडा डी सैन इसिड्रे के शिखर तक 2.6 किमी थे, तुरंत एक बड़ा अंतर प्राप्त किया (लगभग 55÷ ) तत्काल पीछा करने वालों पर, जो मिकेल लांडा (सौडल क्विक स्टेप) और एगन बर्नाल (इनियोस ग्रेनेडियर्स) थे। पोगाकर ने अंतिम चढ़ाई में भी पीछा करने वाली जोड़ी पर बढ़त हासिल की, बर्नाल और लांडा पर 57÷ के साथ फिनिश लाइन को पार किया।

वोल्टा ए कैटलुन्या 2024 में केवल एक चरण बचा है, बार्सिलोना-बार्सिलोना, ऑल्ट डी मोंटजूइक पर 6 लैप के साथ 145.3 किमी, यूएई टीम एमिरेट्स के



कप्तान लैंडा पर 31 के साथ जीसी का नेतृत्व करते हैं। दौड़ पर टिप्पणी करते हुए, पोगाकर कहा, यह बहुत कठिन चरण था. हमने इसे शुरू से ही बहुत अच्छे तरीके से नियंत्रित किया, लेकिन लंबी हॉर्स श्रेणी की चढ़ाई पर विस्मा-लीज़ ए बाइक ने कठिन गति निर्धारित करने की कोशिश की जिसने समूह को भारी रूप से चुना। केवल 10 सवार बचे थे, और यूएई टीम अमीरात के रूप में हमारा प्रतिनिधित्व अच्छा था, यह देखते हुए कि मेरे साथ जोआओ अल्मेडा और मार्क सोलर भी थे। फिर सवारों का एक समूह वापस आया, मोविस्टार ने अगली चढ़ाई पर हमला करने की कोशिश की और मैंने वहां अपना हमला शुरू किया और मैं शीर्ष पर गया और फिर सीधे आगमन पर पहुंच गया। अंतिम चढ़ाई शानदार थी, बहुत सारे लोग जयकार कर रहे थे। इस बीच, इटली में , कोप्पी ई बारटाली (फोर्ली-फोर्ली, 157,9 किमी) का अंतिम चरण कम स्प्रिंट में समाप्त हुआ, जिसमें जेनो बर्कमोएस (लोट्टो डस्टनी) शामिल थे। लुकास नेरुरकर (ईएफ-ईज़ीपोस्ट) पर विजय प्राप्त की।

# बॉलीवुड के इन सितारों की शादी के बाद होगी पहली होली,जमकर एक-दूजे पर बरसाएंगे रंग

25 मार्च को देशभर में रंगों के त्योहार होली मनाया जाएगा। पहले दिन पहले दिन छोटी होली जिसमे होलिका दहन होता है और दूसरे दिन रंगों की होली होगी। होली के त्योहार हर राज्य में अलग-अलग परंपरा के साथ मनाया जाता है। हर साल होली फाल्गुन मास की पूर्णिमा को मनाई जाती है। इस साल होली को मनाने के लिए लोग उत्साहित हैं।

आम जनता से लेकर फिल्मों और टीवी के सितारों तक इस त्योहार को धूमधाम से मनाते हैं। बॉलीवुड का भी होली के इस त्योहार से बड़ा गहरा नाता है। फिल्म इंडस्ट्री में इस साल कई सितारें ऐसे भी हैं, जो अपने पार्टनर के साथ पहली होली खेलेंगे। तो चलिए जानते हैं इस लिस्ट में कौन-कौन स्टार्स कपल शामिल हैं।



**परिणीति चोपड़ा और राघव चड्ढा**

परिणीति चोपड़ा और राघव चड्ढा पिछले साल 24 सितंबर को शादी के बंधन में बंधे थे। शादी के बाद एक्ट्रेस अपनी पहली होली अपने पति के साथ मनाएंगी।

**लिन लैशराम और रणदीप हुड्डा**

लिन लैशराम और रणदीप हुड्डा की भी ये पहली होली होगी। इस कपल ने पिछले साल 29 नवंबर को सात फेरे लिए थे। उनकी शादी मणिपुरी रीति-रिवाज से हुई थी। लिन लैशराम पेशे से एक मॉडल हैं।

**रकुल प्रीत सिंह और जैकी भगनानी**

रकुल प्रीत सिंह और जैकी भगनानी ने इसी साल 21 फरवरी को सात वचन लिए थे। दोनों ने गोवा में शादी की थी। शादी के बाद इस कपल की ये पहली होली होगी।

**कृति खरबंदा और पुलकित सम्राट**

कृति खरबंदा और पुलकित सम्राट ने इसी महीने 15 मार्च को मानेसर स्थित ग्रैंड आईटीसी भारत रिजॉर्ट में पंजाबी रीति-रिवाज से शादी रचाई थी। 20 मार्च को ये कपल मुंबई लौट आया है। जहां ये शादी के बाद पहली होली मनाएंगे।

**आइरा खान और नुपुर शिखारे**

आमिर खान की बेटी आइरा खान ने इसी साल 3 जनवरी को नुपूर शिखारे से शादी की थी। इस साल ये दोनों की शादी के बाद पहली होली होगी।

**दिव्या अग्रवाल और अपूर्वा**

दिव्या अग्रवाल और अपूर्वा की शादी पिछले महीने हुई थी। दोनों की शादी महाराष्ट्रीयन रीति-रिवाजों से हुई थी। दोनों शादी के बाद पहली बार साथ में होली मनाएंगे।

**सुरभि चंदना और करण शर्मा**

सुरभि चंदना और करण शर्मा ने 2 मार्च को फेरे लिए थे। शादी से पहले दोनों ने एक-दूसरे को 13 साल तक डेट किया था। इस साल ये दोनों अपनी पहली होली मनाएंगे।

**सोनारिका भदौरिया और विकास**

सोनारिका भदौरिया और विकास पारासर 19 फरवरी को शादी के पवित्र बंधन में बंधे थे। इस साल ये दोनों की शादी के बाद पहली होली होगी।

# राज कपूर से लेकर इन सितारों की होली पार्टी के आज भी होते हैं चर्चे



बॉलीवुड में होली के त्योहार पर एक अलग ही माहौल देखने को मिलता है। हमेशा ग्लैमरस अवतार में दिखने वाले सितारे रंगों के त्योहार पर जमकर हुड़दंग करते हैं। होली 2024 के इस खास मौके पर हिंदी फिल्म इंडस्ट्री की कुछ मशहूर होली पार्टियां याद ताजा करते हैं।

**राज कपूर की होली पार्टी**

होली के मौके पर कपूर फैमिली की होली पार्टी मशहूर थी। आज भी इसकी चर्चा होती रहती है। नीतू कपूर से लेकर करीना कपूर तक इस पार्टी की अनदेखी फोटोज सोशल मीडिया पर शेयर करती हैं। बॉलीवुड में आरके स्टूडियो की होली पार्टी का एक अलग महौल होता था। इस पार्टी में शामिल होना स्टार्स के लिए शान की बात होती थी। राज कपूर हर गेस्ट का खुद ख्याल रखते थे।

**बिग बी की होली पार्टी**

रंग बरसे, होली खेले रघुवीरा और होली के दिन दिल मिल जाते है, समेत अमिताभ बच्चन ने कई फिल्मों में होली का त्योहार मनाया है। बिग बी के घर होने वाली होली पार्टी भी काफी शानदार होती थी। एक्टर के घर होली के मौके पर पूरा बॉलीवुड शिरकत करता था. बिग बी, होली पार्टी में अपने मेहमानों का स्वागत टीका और गुलाल से करते थे।

**शाह रुख खान की रंगोभरी पार्टी**

शाह रुख खान और गौरी खान की जबरदस्त होली पार्टी भी पॉपुलर हैं लेकिन अब उनके घर पार्टी का आयोजन बंद हो चुका है। किंग खान अपनी पार्टी में अपने मेहमानों का स्वागत मोगरे की माला से करते थे। हर कोई इस पार्टी को अटेंड करने के लिए बेताब रहता था।

**सुभाष घई की शानदार होली पार्टी**

फिल्ममेकर सुभाष घई के घर होने वाली होली पार्टी भी चर्चा का विषय रहती थी। 90 के दशक में होने वाली इस पार्टी में सितारे खूब मस्ती करते दिखते थे। सुभाष घई की एक होली पार्टी से शाह रुख खान और गौरी खान एक वीडियो आजतक वायरल होता है, जिसमें दोनों जमकर डांस करते और एक-दूसरे को पानी में डूबो-डूबो कर होली खेलते दिखाई देते हैं।

# छत्तीसगढ़ के बीजेपी पार्टी में आया बड़ा जलजला

» बृजमोहन अग्रवाल ने लोकसभा का टिकिट लौटाया

» पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा को लिखा पत्र...

**रायपुर,24 मार्च 2024 (ए)।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में एक बड़ा सियासी धमाका हुआ है। पार्टी के दिग्गज नेता बृजमोहन अग्रवाल ने लोकसभा चुनाव लड़ने से इंकार कर दिया है। उन्होंने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा को पत्र लिख लोकसभा के टिकिट के लिए आभार जताया है। उन्होंने लिखा है, व्यक्तिगत कारणों से वे चुनाव लड़ने में असमर्थ हैं...पार्टी आगे उन्हें जो दायित्व देगी,उन्हें मंजूर होगा। हालांकि, मंत्री बनने के दो महीने के भीतर लोकसभा चुनाव में उतार दिए जाने पर बृजमोहन ने इशारों में नाराजगी जताई हैं।

आप छत्तीसगढ़ के पार्टी प्रभारी रह चुके हैं,सो अपने बारे में बताने कि जरुरत नहीं कि पार्टी के लिए मैं कितना समर्पित रहा। साढ़े तीन दशक के सियासी सफर में पार्टी ने जो दायित्व दिया, उसमें कभी किन्तु-परन्तु नहीं किया। रायपुर कांग्रेस का गढ़ था। मैंने स्वरुपचंद जैन जैसे बड़े कांग्रेस नेता को हराकर पहली बार रायपुर में पार्टी का पताका फहराया। उसके बाद पार्टी को मजबूत करने में सतत जुटा रहा। जब अजीत जोगी सरकार का आतंक सिर चढ़ कर बोल रहा था, पार्टी का कोई नेता सामने खड़ा नहीं हो रहा था, उस दौर में मैं अजीत



जोगी से लोहा लिया।

अध्यक्ष जी,मुझे रमेश बैस को जितवाने का जिम्मा हर बार सौंप दिया जाता था, मैं ताकत झोंक उन्हें हमेशा जिताता रहा। पार्टी को इस बात का शायद अहसास नहीं कि बैस जी जैसे नेता को रायपुर से जिताना कितना दुष्कर कार्य था। बीजेपी के 15 साल की सरकार के दौरान कोटा उपचुनाव में पार्टी की करारी पराजय हुई थी। उसके बाद मुझे हर बार उपचुनाव में चुनाव संचालक बनाया गया। और हर बार मैंने हाड़ तोड़ प्रयास कर पार्टी प्रत्याशी को जितवाया। बावजूद इसके हमेशा मुझे किनारे करने की कोशिशे होती रहीं। विधानसभा चुनाव जीतकर मंत्री बने अभी दो महीने भी नहीं हुए थे,मुझे फिर से चुनाव में उतार दिया गया। इससे मेरे हजारों कार्यकर्त्ता बेहद दुखी है। उन्हें प्रतीत हो रहा कि सियासत में मुझे किनारे लगाने लोकसभा का टिकिट दिया गया हैं। हालांकि, मैं ऐसा नहीं समझता। पार्टी मेरे लिए माँ से भी बढ़कर हैं। बहरहाल, कार्यकर्ताओं की भावना हैं कि दिल्ली जाने की बजाय मैं छत्तीसगढ़ में ही रहकर अपनी माटी की सेवा करूँ। चूकि, बीजेपी में कार्यकर्ताओं का स्थान सर्वोपरि है, इसलिए उनकी भावनाओं का सम्मान करते हुए मैं विनम्रता पूर्वक टिकिट लौटा रहा हूं, कृपया इसे अन्यथा न लें. आगे पार्टी जो आदेश देगी, वो स्वीकार्य होगा।

## संक्षिप्त खबर

### चाय-रोटी से हुई फूड प्वाइजनिंग,अब तक दो की मौत



**कोरबा,24 मार्च 2024 (ए)।** कोरबा में फूड प्वाइजनिंग के चलते 4 साल की बहन और 6 साल के भाई की मौत हो गई। जबकि 5 अन्य लोग बीमार हैं। इनमें 3 लोग एक ही परिवार के हैं, जबकि 2 बच्चे पड़ोस में रहने वाले भाइयों के हैं। सभी को मेडिकल कॉलेज अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया गया है। जानकारी के मुताबिक, उरगा क्षेत्र के गिधौरी गांव निवासी श्रवण कुमार के परिवार में पत्नी राजकुमारी, दो बेटे और बेटी थे। सभी लोग रविवार सुबह करीब 9 बजे रोटी खाने के साथ ही चाय पी रहे थे। उनके साथ पड़ोस में रहने वाले दो अन्य बच्चे भी नाश्ता करने पहुंचे थे। नाश्ता करने के बाद श्रवण कुमार के बेटे और बेटी बाहर खेलने के लिए चले गए। कुछ देर बाद बच्चों के मुंह से झाग निकलने लगा तो वह दौड़कर घर पहुंचे और अपने माता-पिता को इसकी जानकारी दी। इसी बीच एक-एक कर सभी की तबीयत बिगड़ने लगी। यह देखकर परिजनों ने डायल-112 को सूचना दी। अस्पताल ले जाने के दौरान रास्ते में ही श्रवण कुमार की बेटी अमृता कंवर (4) की मौत हो गई। वहीं उसके बेटे अनंत की हालत गंभीर बनी हुई थी। उसे आईसीयू में भर्ती कराया गया था, जहां दोपहर में इलाज के दौरान उसने भी दम तोड़ दिया।

# स्कूली विद्यार्थियों को वित्तीय रूप से सक्षम बनाने होगी एनएफएलटी परीक्षा

» पहले पाओ के आधार पर मिलेगा मौका

» छत्तीसगढ़ के स्कूली छात्र-छात्राओं की वित्तीय साक्षरता के स्तर का मूल्यांकन कराया जाएगा...इसके लिए साक्षरता मूल्यांकन कराने को 27 मई को राज्य स्तर पर परीक्षा आयोजित की जाएगी...

**रायपुर,24 मार्च 2024 (ए)।** छत्तीसगढ़ के स्कूली छात्र-छात्राओं की वित्तीय साक्षरता के स्तर का मूल्यांकन कराया जाएगा। इसके लिए साक्षरता मूल्यांकन कराने को 27 मई को राज्य स्तर पर परीक्षा आयोजित की जाएगी। बतादें कि प्रदेश के स्कूली विद्यार्थियों को वित्तीय रूप से सक्षम बनाने के लिए राष्ट्रीय वित्तीय शिक्षा केंद्र कक्षा छठवीं से 12 वीं के स्कूली बच्चों के लिए वित्तीय साक्षरता मूल्यांकन परीक्षा (NFLT) आयोजित की जाती है, ताकि छात्रों को बुनियादी वित्तीय साक्षरता कौशल के बारे में जागरूक किया जा सके।

स्कूलों के परीक्षा में भाग लेने के लिए पंजीयन 27 मई 2024 तक किया जाएगा। परीक्षा 31 मई तक आयोजित होगी। इस संबंध में लोक शिक्षण संचालनालय ने सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि राज्य के सभी स्कूलों में विद्यार्थियों का राष्ट्रीय वित्तीय साक्षरता मूल्यांकन परीक्षा में स्कूल पंजीकरण करवाने के निर्देश जारी करें। स्कूलों के कंप्यूटर लैब में परीक्षा पंजीयन के बाद प्राप्त तारीख पर परीक्षा आयोजित करवाने के प्रबंधन के लिए प्राध्यापकों को निर्देशित किया गया है। परीक्षा का विवरण और संदर्भ सामग्री एचटीटीपीएस://एनसीएफ ई.ओआरजी.आईएन/ एनएफ एलएटी पर देखा जा सकता है।



राष्ट्रीय वित्तीय साक्षरता मूल्यांकन परीक्षा स्कूलों का पंजीयन अभी खुला हुआ है। परीक्षा में भाग लेने के लिए छात्र को अपने स्कूल से संपर्क करना चाहिए। वर्तमान में पंजीकरण केवल उन स्कूलों के लिए उपलब्ध है, जो अपने परिसर कंप्यूटर आधारित में आनलाइन टेस्ट आयोजित करना चाहते हैं। पहले चरण में स्कूलों को राष्ट्रीय वित्तीय साक्षरता मूल्यांकन परीक्षा 2023-24 के लिए खुद को पंजीकृत करना होगा।

पंजीकरण के बाद स्कूल को यूजर आईडी और पासवर्ड प्राप्त होगा। दूसरे चरण में यूजर आईडी और पासवर्ड का उपयोग कर स्कूलों को परीक्षा में भाग लेने के लिए इच्छुक छात्रों का विवरण अपलोड करना होगा। पंजीकरण प्रक्रिया पूरी होने के बाद स्कूलों को पृष्ठ पर उपलब्ध सूची से अपने पसंद का तिथि और समय का चयन करके छात्रों का नामांकन करना होगा। प्रत्येक नामांकित छात्र को एक विशिष्ट यूजर आईडी और पासवर्ड प्राप्त होगा। जिसके आधार पर छात्र परीक्षा में उपस्थित होगा।

भागीदारी पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर होगी आनलाइन टेस्ट कंप्यूटर आधारित होगा। यह परीक्षण अवकाश दिवस को छोड़कर सोमवार से शुक्रवार तक सुबह 10 से पांच बजे के बीच उपलब्ध है। जिन स्कूलों में इंटरनेट कनेक्टिविटी के साथ कंप्यूटर लैब है, वे अपने परिसर में परीक्षा आयोजित कर सकते हैं। साथ ही स्कूल छात्र को अपने घर से भाग लेने की अनुमति दे सकते हैं, बशर्ते पीसी, लैपटाप की उपलब्ध हो।

ओईसीडी की सिफारिश के अनुरूप राष्ट्रीय वित्तीय शिक्षा केंद्र द्वारा आयोजित वित्तीय साक्षरता आकलन परीक्षा कक्षा 6वीं से 12वीं के स्कूली छात्रों को अपने जीवन के प्रत्येक चरण में सुचित और प्रभावी वित्तीय निर्णय लेने के लिए आवश्यक बुनियादी वित्तीय कौशल प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित करती है। विश्व स्तर पर यह स्कूली छात्रों के लिए सबसे बड़ी मुफ्त वार्षिक वित्तीय साक्षरता परीक्षा में से एक है।

### आनलाइन मोड पर परीक्षा

राष्ट्रीय वित्तीय साक्षरता मूल्यांकन परीक्षा कक्षा 6 वीं से 12 वीं के स्कूली छात्रों के लिए तीन अलग-अलग श्रेणियों में होगी। जूनियर वर्ग में कक्षा 6 वीं से 8 वीं, इंटरमीडिएट में कक्षा 9 वीं से 10 वीं और सीनियर वर्ग में कक्षा 11वीं और 12वीं के छात्रों के लिए अंग्रेजी भाषा में कंप्यूटर आधारित आनलाइन मोड में परीक्षा ली जाएगी।

### छात्रों को ऐसे करेंगे प्रोत्साहित

बुनियादी वित्तीय कौशल प्राप्त करने के लिए छात्रों को प्रोत्साहित किया जाएगा। प्रत्येक भाग लेने वाले छात्रों को उनके प्रदर्शन के आधार पर एक ई-प्रमाण पत्र से सम्मानित किया जाएगा। इसके साथ ही ऐसे छात्रा जो 50 प्रतिशत अंक प्राप्त करते हैं, उन्हें मेरिट और 85 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्रों को उत्कृष्ट प्रमाण पत्र दिया जाएगा। राष्ट्रीय और क्षेत्रीय दो स्तरों पर विजेताओं को ई-गिफ्ट कार्ड दिए जाएंगे।

# भाजपा नेता बिरझू तारम हत्याकांड की जांच कर रही एनआइए

### भाजपा नेता की अक्टूबर 2023 में हुई थी हत्या

**राजनांदगांव,24 मार्च 2024 (ए)।** छत्तीसगढ़ के मानपुर ब्लाक के औंधी से लगे ग्राम सरखेड़ा निवासी भाजपा नेता बिरझू तारम की हत्या के मामले में एनआइए ने जांच शुरू कर दी है। बता दें कि बीते विधानसभा चुनाव से पहले 20 अक्टूबर 2023 को गांव में ही भाजपा नेता बिरझू तारम की नक्सलियों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। जब बिरझू अपने घर के पास दुर्गा पंडाल से पूजा कर लौट रहे थे।

### सीएम साय को पत्र लिखकर एनआइए से की थी जांच की मांग

इस घटना के बाद भाजपा नेताओं ने टारगेट किलिंग का आरोप लगाया था। जिसके बाद मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी व राजनांदगांव जिले के साथ राजधानी तक राजनीतिक सरगर्मी बढ़ गई थी। मोहला-मानपुर सहित प्रदेश के अन्य नक्सल प्रभावित




क्षेत्र में भाजपा नेताओं के हत्याकांड के बाद सांसद संतोष पांडे ने टारगेट किलिंग को लेकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पत्र लिखकर एनआइए जांच की मांग की थी। इस मामले में मुख्यमंत्री साय की सहमति के बाद राष्ट्रीय जांच एजेंसी एनआइए ने इन हत्याकांड को लेकर जांच शुरू कर दी है। दो दिन पहले ही एनआइए की टीम मानपुर व औंधी में घटना के संबंध में जानकारी लेने पहुंची है। मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी के पुलिस अधीक्षक वायपी सिंह ने इसकी पुष्टि कर बताया कि मामले की जांच एनआइए की टीम कर रही है।

# अब मतदाताओं की बदौलत मैं दिल्ली में बस्तर की आवाज बुलंद करूंगाः लखमा

## बस्तर लोकसभा में मैं नहीं बल्कि मेरे लिए लड़ रहा हर मतदाता

**भानुप्रतापपुर,24 मार्च 2024 (ए)।** विधायक कवासी लखमा ने कहा कि सोनिया गांधी, राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे, वेणुगोपाल, भूपेश बघेल, टीएस सिंहदेव और दीपक बैज का आभारी हूं, जिन्होंने मुझे मौका दिया। बस्तर की जनता मतदाता नहीं मेरे लिए भगवान हैं। इन्होंने मुझे 6 बार बस्तर से चुनकर भेजा, अब उन्हीं की बदौलत में दिल्ली में भी बस्तर की आवाज बुलंद करूंगा। बस्तर लोकसभा में कवासी लखमा नहीं बल्कि हर मतदाता कवासी लखमा के लिए लड़ रहा है, लड़ेगा और जीत हासिल करूंगा।छत्तीसगढ़ की बस्तर लोकसभा सीट से कांग्रेस ने विधायक और पूर्व मंत्री कवासी लखमा को अपना उम्मीदवार बनाया है। कांग्रेस प्रत्याशी बनाए जाने के बाद पूर्व मंत्री लखमा आज कांकेर जिले के भानुप्रतापपुर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कहा कि बस्तर की जनता मतदाता नहीं मेरे लिए भगवान हैं। बस्तर लोकसभा में कवासी लखमा नहीं बल्कि हर मतदाता कवासी लखमा के लिए लड़ रहा



है, लड़ेगा और जीत हासिल करूंगा। दरअसल, कवासी लखमा आज भानुप्रतापपुर में रमेश राठी के घर पहुंचे। राठी के यहां स्वल्पाहार के दौरान उन्होंने कहा कि इस बार हम बस्तर सहित अन्य सीटों पर जीत हासिल करेंगे। पार्टी ने मुझ पर भरोसा किया है, उस पर खरा उतरूंगा. बस्तर के लोग आज भी नेहरू और गांधी परिवार के बलिदान और त्याग को नहीं भूले हैं।

### लखमा के प्रत्याशी बनाए जाने पर साय ने कांग्रेस पर कसा तंज

लोकसभा चुनाव के लिए अब कुछ ही दिन शेष रह गए है। इसके मद्देनजर पार्टिया अपने प्रत्याशियों के लिस्ट जारी करने को लेकर लगातार बैठके कर रही है। वही इन सब के साथ छत्तीसगढ़ की राजनीतिक सियासत गरमाई हुई नजर आ रही है। इसी कड़ी में कांग्रेस ने बस्तर लोकसभा सीट से पूर्व मंत्री और कोंटा विधायक कवासी लखमा को अपना उम्मीदवार बनाया है।

वहीं कवासी लखमा के प्रत्याशी बनाए जाने पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने तंज कसा है। सीएम साय ने कहा कि कांग्रेस में प्रत्याशी नहीं मिल रहे। मिला हुआ टिकट वापस कर रहे हैं। कोई नहीं मिला तो कवासी लखमा को बलि का बकरा बना रहे हैं।

# बाल-बाल बचा टाटा इंडिका कार का चालक

**दुर्ग,24 मार्च 2024 (ए)।** जिले में एक चलती कार से अचानक धुआं निकलने लगा और देखते ही देखते पूरी कार जलकर खाक हो गई। यह घटना रिसाली के डीपीएस चौक की है। इस घटना में किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है। बताया जा रहा है कि जब रिसाली से सेक्टर एरिया की तरफ आ रही टाटा इंडिका कार भिलाई की तरफ जा रही थी। इसी बीच अचानक कार के बोनट के पास से धुआं उठने लगा। ड्राइवर अपनी सूझबूझ दिखाते हुए तत्काल नीचे उतर गया।इतनी देर में ही कार से धुआं के साथ आग निकलने लगी और कार में भीषण आग



लग गई। वहीं तत्काल फायर ब्रिगेड की टीम को सूचना दी गई। इसके बाद फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और कार की आग को बुझाया गया लेकिन इस आगजनी की घटना में कार पूरी तरह जलकर खाक हो गई. इस घटना में ड्राइवर की सूझबूझ से उसकी जान बच गई। आग लगने का कारण कार के अंदर हुई शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है।

# जोगी परिवार ने छोड़ा सागौन बंगला



**रायपुर,24 मार्च 2024 (ए)।** 2 दशक भर से छत्तीसगढ़ के प्रथम मुख्यमंत्री स्वर्गीय अजीत प्रमोद जोगी परिवार का आशियाना रहा सागौन बंगला को श्रीमती रेणु जोगी और जेसीसीजे सुप्रीमो अमित ऐश्वर्य जोगी ने अलविदा कह दिया है। बंगले को छोड़ने के बाद एक्स पर छोटे जोगी ने यह संदेश लिखा होलिका दहन की पूर्व संध्या के अवसर पर पिछले दो दशकों से जोगी परिवार के अधिकृत सरकारी निवास सागौन बंगला की चाबी मेरी माँ ने विधिवत छत्तीसगढ़ शासन के लोक निर्माण विभाग को वापस सौंप दी।

# ससुराल में चोरी कर 2 बहू और एक रिश्तेदार फरार

**कोरबा,24 मार्च 2024 (ए)।** एक ही परिवार की तीन महिलाएं अचानक लापता हो गई हैं। बताया जा रहा है कि महिलाएं घर से सब्जी लेने बाजार गई थी, जिसके बाद दोबारा नहीं लौटी। घर से दो लाख रुपए और तीन लाख के गहने पहन कर महिलाएं लापता हैं। वहीं इस घटना की सूचना कोतवाली थाना में दर्ज कराई गई। पता बताने वाले को 20 हजार रुपए के इनाम दिए जाएंगे।



जानकारी के अनुसार, कोरबा शहर कोतवाली थाना क्षेत्र के वार्ड क्रमांक-5 मोती सागरपारा क्षेत्र में रहने वाली एक ही परिवार की तीन महिलाएं दो दिन पहले लापता हो गई। उनके अब तक नहीं लौटने से परिवार परेशान है। छह महीने के एक बच्चे को छोड़कर महिलाओं के चले जाने से समस्याएं बढ़ गई हैं। घर की मुखिया ताराबाई सारथी ने बताया कि वह अपने साथ जेवरात और नकदी रकम ले गई हैं, लेकिन हमें उससे कोई मतलब नहीं है। हम चाहते हैं कि वे जहां भी हों लौट आएं, उसे इस बारे में कोई कुछ नहीं कहेगा। ताराबाई सारथी ने बताया कि घर में किसी तरह की कोई भी बात नहीं है, लेकिन तीनों अचानक कैसे, कब और किन परिस्थितियों में लापता हो गया है, यह उसके भी समझ से परे है। छह माह के मासूम का रो-रोकर बुरा हाल है। उसने इसकी शिकायत कोतवाली थाना पुलिस से की है। घर की एक सदस्य सरोजिनी सारथी ने बताया कि उनकी खोजबीन की गई, लेकिन वह अब तक कहीं नहीं मिली हैं। उनके फोटो जारी किए गए हैं, जो व्यक्ति इस बारे में सूचना देगा, उसे 20 हजार रुपये का इनाम भी देंगे। लापता हुई ज्योति सिंह और मीरा दोनों घर की बहू हैं। वहीं, रजनी ज्योति की बहन है, जो को कुछ दिनों से यहीं रहती थी।

# दुकान में फटा सिलेंडर, 40 लाख का सामान खाक

**बलौदाबाजार,24 मार्च 2024 (ए)।** शहर के मंडी रोड स्थित दो दुकानों में देर रात आग लगने लाखों रूपये का सामान जलकर राख हो गया। वहीं हार्डवेयर दुकान से लगे किचन केयर और वेल्डिंग दुकान में रखा सिलेंडर भी ब्लास्ट हुआ। रात होने से जनहानि तो नहीं हुई पर दोनों दुकानें पूरी तरह जलकर खाक हो गई। घटनास्थल पर मौके पर पहुंची अग्निशमन विभाग की करीब नौ टैंकरों ने अथक प्रयास के बाद आग पर काबू पाया। घटना रात लगभग 2.30 बजे के आसपास बताई जा



रही है। हार्डवेयर की दुकान में आग लगने से दुकानदार विनोद पारवानी को बड़ा झटका लगा है दुकान में रखे लगभग 30 से 40 लाख रूपये का पेंट, वार्निस, प्लास्टिक तिरपाल, जाली सहित पेंट बनाने की मशीन पूरी तरह जलकर खाक हो हो चुकी है और एक बड़ी क्षति दुकानदार को हुई है। वहीं हार्डवेयर दुकान से लगे किचन केयर व वेल्डिंग दुकान में भी आग की लपट पहुंची। जिससे वहां रखा घरेलू गैस सिलेंडर फट गया और एक बड़ा धमाका हुआ। रात होने से धमाके से जनहानि तो नहीं हुई और एक बड़ा हादसा टला गया। वहीं दुकान में रखे लगभग पांच लाख का सामान जलकर खाक हो गया है। आग लगने का कारण प्रथम दृष्टया शार्ट सर्किट बताया जा रहा है। हालांकि असल कारण जांच के बाद ही पता चल सकेगा। फिलहाल एक बड़ी जनहानि होने से बच गयी। घटना की सूचना पर कोतवाली थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया।

# स्कार्पियो के चालक की वजह से गई ठेकेदार की गई जान

**दुर्ग,24 मार्च 2024 (ए)।** दुर्ग में बस स्टैंड के पास एक दर्दनाक हादसे में बाइक सवार की मौत हो गई। इस हादसे का एक सीसीटीवी फुटेज सामने आया है, जिसमें साफ दिखाई दे रहा है कि स्कार्पियो चालक ने अचानक दरवाजा खोल दिया। इससे बाइक सवार उससे टकरा कर गिरा और बगल से गुरज रहे ट्रेलर के नीचे आ गया। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान हेमंत केसरिया भिलाई कैंप वन निवासी के रूप में हुई है। हेमंत के भतीजे ने बताया कि वो भिलाई स्टील प्लांट में इंजीनियर है। उसके चाचा हेमंत केसरिया ठेकेदार थे। रविवार को वो सरमढ़ा इंडस्ट्रियल एरिया लेबर पेमेंट करने गए थे। वहां से भिलाई अपने घर लौट रहे थे।




दोपहर में वो जैसे ही बस स्टैंड के पास स्थित चौक के पास से गुजर रहे थे बगल से खड़ी स्कार्पियो के चालक ने गाड़ी का दवाजा खोल दिया। इससे हेमंत की बाइक उससे टकराकर गिर गई और हेमंत उसी समय गुजर रहे ट्रेलर के नीचे आ गए। ट्रेलर हेमंत के ऊपर से गुजर गया। इससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। आसपास मौजूद लोगों ने उन्हें इलाज के लिए बीएम शाह हॉस्पिटल भिलाई पहुंचाया, वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद शव को लाल बहादुर शास्त्री स्थित मरचुरी में रखवाया गया। सोमवार को पीएम के बाद शव परिजनों के हवाले किया गया। दुर्ग कोतवाली पुलिस मामले की जांच कर रही है।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)